शम्स

और तुम देखोगे लोगों को दीने अल्लाह में
फौज दर फौज दाख़िल होते हुए (सूरह अल्नस्र)

क़मर





चांद और सूरज में इंसानी शबीह का राज़!
जोकि नासा (NASA) और कई मोअ्तबर
इदारों से रिलीज़ शुदा है।




# दीने इलाही

"यह किताब हर मज़हब, हर फिर्के और हर आदमी के लिये काबिले ग़ौर और काबिले तहकीक है और मुंकिराने रूहानियत के लिये एक चैलेंज है।"

मुसन्निफ़

## रियाज़ अहमद गौहर शाही

हज़रत रियाज़ अहमद गौहर शाही

**मुसन्निफ़ दीने इलाही**

وَرَاَيْتَ النَّاسَ يَدْخُلُوْنَ فِيْ دِيْنِ اللّٰهِ اَفْوَاجًا ٥

व र ऐतन्ना स यदखुलू न फ़ीदीनिल्लाहि अफ़वाजा - (सूरह अलनस्र)

तर्जुमा : और तुम देखोगे लोगों को दीने इलाही में फौज दर फौज दाख़िल होते हुए - (सूरह अलनस्र)

# दीने इलाही

## ख़ुदा के पोशीदह राज़

तस्नीफ़ हाज़ा के जुमला हक़ूक़ महफ़ूज़ हैं

यह किताब अल्लाह के मुतलाशियों और अल्लाह से मुहब्बत करने वालों के लिये एक तोहफ़ा है।

**इत्तलाअ़ बराए ज़ाकिरीन :**

यह किताब हक परस्तों, मुन्सिफ़ मिज़ाज लोगों और अल्लाह के तालिबों तक पहुंचानी है।

अज़ली मुनाफ़िक इसको तल्फ़ करने की कोशिश करेंगे

**—: मुरत्तब करदह :—**

मुहम्मद यूनुस अल्गौहर (लंदन) ----- अमजद अली गौहर (अबूधाबी)

**नाशिरान**

मेहदी फ़ाउंडेशन इंटरनेशनल, अमरीकन सूफ़ी इंस्टीट्यूट के आर्गेनाइज़र
जनाब हाजी मु. अशफ़ाक़ और जनाब मज़हर फिरोज़ ने मेहदी फ़ाउंडेशन बर्तानिया के
फैसल हयात के तआ़उन से छपवाई है।

**मेहदी फ़ाउंडेशन इंटरनेशनल**

Contacts: amjadgohar75@yahoo.com, younus380@yahoo.com

# मुअद्दिबाना गुज़ारिश

सरकार गौहर शाही मरहबा।
मुअ़ज़्ज़िज़ क़ारईन कराम, ज़ाकिरीन व गौहरियंस।
इस किताब मुक़द्दस दीन इलाही को हिंदी रसमुल्ख़त में लिखने की ज़रूरत पूरी की गई ताकि उर्दू न पढ़ सकने वाले भी इससे मुस्तफ़ीज़ हों। कोशिश की गई है कि क़तअ़न कोई ग़लती या टाइपिंग मिस्टेक न होने पाये ताकि असल मतन की तिलावत से फ़ैज़याब हों। इसके बावजूद अगर आपको ज़रा भी शक गुज़रे तो बराहे करम हमें फ़ौरन मुत्तिलअ़ फ़रमायें, हम आपके बेहद मशकूरो मम्नून होंगे और हमारे पास मौजूद असल से इसकी दुरूस्तगी फ़ौरन कर दी जायेगी।

बसद शुक्रिया
गौहरशाही मरहबा।

आल इंडिया हेल्पलाइन
मुंबई :
9004715519, 9619070470, 9323692855, 8860569704
ईमेलः kafindia@yahoo.com



यह वह गौहर शाही हैं जिन्होंने तीन साल तक सिहवन शरीफ़ की पहाड़ियों और लाल बाग़ में अल्लाह के इश्क़ की ख़ातिर चिल्लाकशी करी। अल्लाह को पाने की ख़ातिर दुनिया छोड़ी, फिर अल्लाह के हुक्म ही से दोबारह दुनिया में आये। लाखों दिलों में अल्लाह का ज़िक्र बसाया और लोगों को अल्लाह की मुहब्बत की तरफ राग़िब किया।

हर मज़हब वालों ने गौहर शाही को मस्जिदों, मंदिरों, गुरूद्वारों और गिर्जाघरों में रूहानी ख़िताब के लिए मदऊ किया और ज़िक्रे क़ल्ब हासिल किया। बेशुमार मर्दोज़न इनकी तालीम से गुनाहों से ताएब हुए और अल्लाह की तरफ झुक गये। बेशुमार लाइलाज मरीज़ इनके रूहानी इलाज से शिफायाब हुए फिर अल्लाह ने इनका चेहरा चाँद पर दिखाया, फिर हज्र अस्वद में भी इनकी तस्वीर ज़ाहिर हुई, पूरी दुनिया में इनकी शोहरत हो गई। लेकिन कोर चश्म मौल्वियों को और वलियों से हसद व बुग्ज़ रखने वाले मुसलमानों को यह शख़्स पसन्द न आया, इनकी किताबों की तहरीरों में ख़यानत करके इनपर कुफ़्र और वाजिबुल क़त्ल के फ़तवे लगाये। मानचेस्टर में इनकी रिहाइशगाह पर पेट्रोल बम फेंका, कोटरी में दौराने ख़िताब इन पर हैण्ड ग्रेनेड बम से हमला किया गया। लाखों रूपये इनके सर की क़ीमत रखी गई। पाँच क़िस्म के संगीन झूटे मुक़दमात, अन्दरूने मुल्क इनको फँसाने के लिये क़ायम किये गये। नवाज़ शरीफ़ की वजह से हुकूमते सिंध भी शामिल हो गई थी, दो केस क़त्ल, नाजायेज़ अस्लेहा, नाजायेज़ क़ब्ज़ा का दफ़ा भी लगाया गया। अमरीका में भी एक औ़रत से ज़्यादती और हब्से बेजा का मुक़दमा बनाया गया। ज़र्द सहाफ़त ने इन्हें ज़माने में ख़ूब बदनाम किया, लेकिन आख़िर में अदालतों ने शुनवाई और तहक़ीक़ात के बाद तमाम मुक़दमात झूटे क़रार देकर ख़ारिज कर दिये और अल्लाह ने अपने इस दोस्त को हर मुसीबत से बचाये रखा।

इन मुक़दमात के बारे में हाई कोर्ट की रिपोर्ट मुलाहिज़ा हो कि
''गौहर शाही को फ़िरक़ा वारियत की वजह से बार बार फँसाया जाता है।''

ORDER SHEET

IN THE HIGH COURT OF SINDH HYDERABAD CIRCUIT

Cr.B.A.No.159 of 1999. { APPELLANT / PETITIONER / PLAINTIFF DECREE / APPLICANT

VERSUS

{ RESPONDENT / DEFENDENT / OPPONENT / JUDGEMENT DEBTOR

| Serial No. | Date | Order with signature of Judge |
|---|---|---|

1. FOR ORDERS ON MA NO.238/99.(If granted).
2. FOR ORDERS ON MA NO.239/99.
3. FOR ORDERS ON MA NO.240/99.
4. FOR HEARING.

18.03.1999.

Mr.Qurban Ali Choohan Advocate for the applicant
Mr.Behadur Ali Baloch A.A.G.

1. Granted.

2. Granted subject to all just exceptions.

3. Granted as the bail application No.88/99 has also been moved by the present applicant.

4. Learned counsel submits that the present bail application has been moved seeking bail before arrest of the applicant/accused with regard to his alleged involvement in crime No.18/99 for which an F.I.R. was lodged on 16.03.1999 by Police Station City at Hyderabad. It is alleged that the applicant on the day of incident viz. 19.02.1999 in the day

22/18/88

SGP., Kar.—L (iii) 22—1500—7-97 -OFFSET

time produced a T.T. Pistol bearing No.SBP-13410 of 30 bore and licence bearing No.5105339 dated 04.02.1999 issued by District Magistrate Sanghar in the name of accused Mohammad Nadeem who has been nominated in crime No.10/99 pending with Police Station City Hyderabad. Thereafter upon verification by the police authorities it transpired that the said licence was a forged one and was not issued in the name of accused Mohammad/Nadeem. The F.I.R. was accordingly registered against the applicant U/s.420, 468, 471 PPC read with Section 13-D Arms Ordinance.

Learned counsel submits that the lodging of the FIR is a further attempt by the political and religious foes of the applicant to have him implicated in xxx false and concocted case, as earlier attempts have failed and in two other cases the applicant was granted bail before arrest by this Court. Learned counsel submits that for all the offences above mentioned the maximum sentence is seven years along with fine and consequently do not come within the prohibitory clause of Section 497 Cr.P.C. The learned counsel vehemently argued that unless this bail application is granted and the applicant is given protection by this Court he would be immediately arrested by the police as he has been prevented from approaching the trial Court for seeking bail..

I have gone through the F.I.R. as well as the

memo of this application. In the first instance, it appears that nowhere in the FIR it is mentioned as to why the applicant/accused visited the Police Station City on 19.02.1999 along with the weapon in question and its licence. Secondly, no reasons have been given in the FIR as to why the same was lodged after almost one month of the day of incident. In the earlier bail application No.88/99 I have granted interim protective bail to the applicant on the basis that the FIR in the said case appeared to have been lodged due to enmity and jealousy between the applicant and religious sects as well as political parties. The lodging of the FIR in the present case also appears to have been motivated by the same factors.

In the circumstances, the applicant is granted pre-arrest bail in a sum of Rs.1,00,000/- in the form of security or cash and P.R. bond in the like amount to the satisfaction of Additional Registrar of this Court. Notice to A.A.G. for 24.03.1999.

5. Today I have received a pamphlet allegedly from ~~my~~ the applicant seeking justice from the Prime Minister of Pakistan regarding his persecution at the hands of various ~~xxxx~~ religious sects and Ulemas. Alth-ough the pamphlet has not been signed by the applicant, copies have been forwarded to all High Courts of Pakistan as well as Supreme

( 5 )

Court of Pakistan and others. At the end of the pamphlet s threat has been extended to the Government that unless the applicant/accused' request is acceded to the Government will soon crumble by hidden spiritual forces. In my view if at all this pamphlet has been either issued by the applicant or his supporters and sent to this Court, it amounts to unlawfu interference in the administration of justice and may be taken up as a contempt matter. In these circumstances, let a notice be issued to the applicant inviting his comments o the pamphlet, a copy whereof to be sent along with the noti

SD/- SARMAD J USMANI
JUDGE

CERTIFIED TO BE TRUE COPY
22/3/99
SUPERINTENDENT

Cr.Bail Application No. 159/1999. No 2009 Dt. 22/3/99

Copy Forwarded to the Sessions Judge Hyderabad for information and Compliance, He is informed that surety has been furnished on behalf of the abovenamed applicant before the Additional Registrar of this Court in the Sum of Rs, 100,000/- Vide Bond No. 5823 and P.R.Bond No. 5824 dated:- 22.3.1999.

COPY TO THE APPLICANT ABOVENAMED.

( GHULAM MUSTAFA CHANNA )
DEPUTY REGISTRAR
HIGH COURT OF SINDH CIRCUIT COURT
HYDERABAD

## खुसूसी नोट

इन मुक़दमात की नाकामी के बाद इब्लीसियों ने 295 का एक और मन्तक़ी मुक़दमा बनाया कि गौहर शाही ने नबूवत का ऐलान कर दिया है। इसमें उन्हें हुकूमत के अअ़ला क़िस्म के तबक़ह की हिमायत हासिल हो गयी थी, हत्ताकि साबिक़ह सदर रफ़ीक़ तारड़ फ़िरक़ा की वजह से पार्टी बन गये थे। जिसकी वजह से इन्सदादे दहशत गर्दी के जज पर दबाव की वजह से सज़ा सुनाई गई। इन्शा अल्लाह हाईकोर्ट में या सुप्रिम कोर्ट में इस झूटे केस का भी फ़ैसला हो जायेगा।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

# पेश लफ़्ज़

चाँद, सूरज, हज्र अस्वद, शिव मंदिर और कई दूसरे मुक़ामात पर भी तस्वीरे गौहर शाही नुमायाँ होने के बाद अक्सर मुस्लिम और ग़ैर मुस्लिम का ख़्याल और यक़ीन है कि यही शख़्स मेहदी, कालकी अवतार और मसीहा है जिसका मुख़्तलिफ़ मज़हबी किताबों में ज़िक्र आया है।

आइये! आप भी इनको परखने की कोशिश करें और हमसे तहक़ीक़ के लिये राबता करें और इनकी कुतुब के ज़रिये भी इनको पहचानने की कोशिश करें।

मु० यूनुस अल्गोहर (लंदन इंग्लैंड)
younus38@hotmail.com
younus380@yahoo.co.uk

# दीबाचह

...अज़ रियाज़ अहमद गौहर शाही...

1)- जो मज़ाहिब आसमानी किताबों के ज़रिअ़ह क़ायेम हुए वोह दुरूस्त हैं बशर्ते कि इनमें रद्दोबदल न की गई हो।

2)- मज़ाहिब कश्ती और उलमा मल्लाह की तरह होते हैं, अगर किसी एक में भी नुक़्स हो तो मंज़िल पर पहुंचना मुश्किल है। अल्बत्तह अवलिया टूटी-फूटी कश्ती को भी किनारे लगा देते हैं, यही वजह है कि टूटे-फूटे लोग अवलिया के गिर्द जमा हो जाते हैं।

3)- मज़हब से बालातर अल्लाह की मुहब्बत है, जो तमाम मज़ाहिब का अ़र्क़ है। जबकि अल्लाह का नूर मशअ़ले राह है!

4)- तीन हिस्से इल्मे ज़ाहिर के और एक हिस्सा इल्मे बातिन का है जो ख़िज़र अलै० (विष्णु महाराज) के ज़रिअ़ह आ़म हुआ।
अल्लाह की मुहब्बत ही अल्लाह के कुर्ब का ज़रिअ़ह है, जिस दिल में ख़ुदा नहीं कुत्ते उससे बेहतर हैं, क्यों कि वह अपने मालिक से मुहब्बत करते हैं और मुहब्बत ही की वजह से मालिक का कुर्ब हासिल कर लेते हैं वरना कहाँ एक नजिस कुत्ता और कहाँ हज़रते इंसान!

5)- अगर तुझे जन्नत और हूरोक़सूर की आरज़ू है तो ख़ूब इबादत कर ताकि ऊँची से ऊँची जन्नत मिल सके!

6)- अगर तुझे अल्लाह की तलाश है तो रूहानियत भी सीख ताकि तू सिरात मुस्तक़ीम पर गामज़न होकर अल्लाह के विसाल तक पहुंच सके!

# इंसान अज़ल से अबद तक

जब अल्लाह ने रूहों को बनाना चाहा तो कहा : कुन, तो बेशुमार रूहें बन गईं। अल्लाह के सामने और क़रीब अरवाह नबियों की, फिर दूसरी सफ़ में वलियों की, फिर तीसरी सफ़ में मोमिनीन की, फिर इनके पीछे आ़म इंसानों की, फिर हद्दे निगाह से दूर सफ़ में औ़रतों की रूहें बन गईं, फिर इनके पीछे रूहे हैवानी, फिर रूह नबाती और फिर ऐसी रूहे जमादी जिनमें हिलने जुलने की ताक़त भी न थी, नमूदार हो गईं। अल्लाह के दायीं तरफ़ फ़रिश्तों की और फिर इसके बाद हूरों की अरवाह थीं, जो रब के चेहरे को न देख सकीं, यही वजह है कि फ़रिश्ते रब का दीदार नहीं कर सके। फिर पीछे नूरी मुवक्किलात की रूहें जो दुनिया में आकर नबियों, वलियों की इमदादी हुईं। फिर बायीं जानिब जिन्नात की रूहें, फिर पीछे सिफ़ली मुवक्किलात, फिर ख़बीसों की रूहें जो दुनिया में आकर इब्लीस की इमदादी हुईं। दायें, बायें और हद्दे निगाह से दूर वाली अरवाह रब का जलवा न देख सकीं। यही वजह है कि जिन्न, फ़रिश्ते और औ़रतें रब से हमकलाम हो सकते हैं लेकिन दीदार नहीं कर सकते। कुर्रए अर्ज़ में एक आग का गोला था, हुक्म हुआ : ठंडा हो जा! फिर इसके टुकड़े फ़िज़ा में बिखर गये। चांद, मरीख़, मुश्तरी, यह दुनिया और सितारे सब इसी के टुकड़े हैं जबकि सूरज वही बाक़ी मान्दह गोला है। यह ज़मीन राख ही राख बनी। जमादी रूहों को नीचे भेजा गया जिनके ज़रिए राख जम कर पत्थर हो गई। फिर नबाती रूहों को भेजा गया जिसकी वजह से पत्थरों में दरख़्त भी उग आये। फिर हैवानी रूहों के ज़रिए हैवान नमूदार हुए। अल्लाह ने सब रूहों से यह भी पूछा था : क्या मैं तुम्हारा रब हूँ? सबने इक़रार किया और सिजदा किया था यअ़नी पत्थरों और दरख़्तों की रूहों ने भी सिजदा किया था। [वन्नज्मो वश्शज्रो यसजुदान .... (सूरह रहमान- अल्कुरान)]। फिर अल्लाह ने रूहों के इम्तिहान के लिये मसनूई दुनिया, मसनूई लज़्ज़ात बनाये और कहा : 'अगर कोई इनका तालिब है तो हासिल कर ले'। बेशुमार रूहें अल्लाह से मुंह मोड़ कर दुनिया की तरफ़ लपकीं और दोज़ख़ उनके मुक़द्दर में लिख दी गई। फिर अल्लाह ने बहिश्त का नज़ारा दिखाया जो पहली हालत से बेहतर और इताअ़त व बन्दगी वाला था। बहुत सी रूहें उधर लपकीं उनके मुक़द्दर में बहिश्त लिख दी गयी। बहुत सी रूहें कोई फ़ैसला न कर पाईं। इन्हें फिर रहमान और शैतान के दरमियान कर दिया। वही रूहें दुनिया में आ कर बीच में फंस गईं, फिर जिसके हाथ लग गईं (उस ही की हो गईं)। बहुत सी रूहें अल्लाह के जलवे को देखती रहीं, न दुनिया की और न ही जन्नत की तलब, अल्लाह को उनसे मुहब्बत और उन्हें अल्लाह से मुहब्बत हो गयी। उन्हीं रूहों ने दुनिया में आकर अल्लाह की ख़ातिर दुनिया को छोड़ा और जंगलों में बसेरा किया। रूहों की ज़रूरत और दिल लगी के लिये अट्ठारह हज़ार क़िस्म की मख़लूक़, छः हज़ार पानी में, छः हज़ार ख़ुश्की में और छः हज़ार हवाई और आसमानी पैदा की गई। फिर अल्लाह ने सात क़िस्म की जन्नत और सात क़िस्म की दोज़ख़ बनाई।

**जन्नतों के नामः-** 1- ख़ुल्द, 2- दारूस्सलाम, 3- दारूल्क़रार,
4- अ़दन, 5- अल्मावा, 6- नईम, 7- फ़िरदौस

**दोज़ख़ों के नामः-** 1- सक़र, 2- सईर, 3- नता,
4- हुतमा, 5- जहीम, 6- जहन्नुम, 7- हाविया

मुन्दर्जह बाला सारे नाम सुर्यानी ज़बान के हैं। वह ज़बान जिसमें अल्लाह, फ़रिश्तों से मुख़ातिब होता है। सब मज़ाहिब का अ़क़ीदा है कि जिसे अल्लाह चाहे दोज़ख़ में और जिसे चाहे बहिश्त में भेज दे। अगर वहीं से जिस रूह को दोज़ख़ में भेजा जाता तो वह एअ़तराज़ करती कि मैंने कौन सा जुर्म किया था? अल्लाह कहता : तूने मेरी तरफ़ से मुंह मोड़ कर दुनिया तलब करी थी, रूह कहती : वह तो सिर्फ नादानी में इक़रार था, अ़मल तो नहीं किया था! फिर इस हुज्जत को पूरा करने के लिये रूहों को नीचे इस दुनिया में भेजा। आदम अलै. जिन्हें शंकर जी भी कहते हैं जन्नत की मिट्टी से उनका जिस्म बनाया गया। फिर रूह इंसानी के अ़लावह कुछ और मख़लूक़ें भी उसमें डाल दी गयीं। जब आदम अलै. का जिस्म बनाया जा रहा था तो शैतान ने हसद से थूका था, जो नाफ़ की जगह गिरा और इस थूक के जरासीम भी इस जिस्म में शामिल हो गये। शैतान जिन्नात क़ौम से है।

एक हदीस में है कि जब इंसान पैदा होता है तो उसके साथ एक शैतान जिन्न भी पैदा होता है, जिस्म तो सिर्फ़ मिट्टी का मकान था जिसके अंदर सोलह (16) मख़लूक़ों को बंद कर दिया, जबकि ख़न्नास और चार परिन्दे और भी हैं। आदम अलै. की बायीं पसली से औ़रत की शक्ल में मवाद निकला। उसमें रूह डाल दी गई जो माई हव्वा बन गई। बाद में बहिश्त से निकाल कर आदम अलै. को श्रीलंका और माई हव्वा को जिद्दह में उतारा गया। जिनके ज़रिए एशियाइयों की पैदाइश का सिलसिला शुरू हो गया, और आसमान से बाक़ी रूहें भी बतदरीज आना शुरू हो गईं। रूहों की तालीमो तरबियत और मदारिज के लिये मज़ाहिब की सूरत में मदरसे क़ायेम हुए और रोज़े अज़ल की तक़दीर के मुताबिक़ कोई किसी मज़हब में और कोई बेमज़हब ही रहीं। अल्लाह की मुहिब्ब रूहें भी इस दुनिया में आईं कोई मुस्लिम के घर कोई हिंदुओं, कोई सिक्खों और कोई ईसाईयों के घरों में पैदा हो गईं और अपने मज़हब के ज़रिए अल्लाह को पाने की कोशिश करने लगीं। यही वजह है कि हर मज़हब के ख़वास ने रहबानियत अख़्तियार की, कुछ लोग कहते हैं कि इस्लाम में रहबानियत नहीं है यह अ़क़ीदा ग़लत है। हज़ूरपाक भी ग़ारेहिरा में जाया करते थे। शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी रज़ी., ख़्वाजा मुईनुद्दीन अजमेरी, दाता अली हिजवेरी, बरी इमाम, बाबा फ़रीद, शहबाज़ क़लंदर रज़ी. वग़ैरह ने भी रहबानियत के बाद ही इतने बुलन्द मुक़ाम हासिल किये और इन ही के ज़रिए दीन की इशाअ़त हुई।

## दुनिया में इंसान की बुनियाद

पेट में नुतफ़ा ए इंसानी के बाद खून को इकट्ठा करने के लिए रूह जमादी आती है, फिर रूह नबाती के ज़रिए बच्चा पेट में बढ़ता है। चार माह के बाद रूह हैवानी जिस्म में दाख़िल की जाती है जिसके ज़रिए बच्चा पेट में हरकत करता है, इनको अरज़ी अरवाह कहते हैं। फिर पैदाइश के बाद रूह इंसानी दूसरी मख़लूक़ात के साथ आती है इनको समावी अरवाह कहते हैं। अगर बच्चा पैदाइश से थोड़ी देर पहले ही पेट में मर जाये तो उसका जनाज़ा नहीं होता कि वह हैवान था। पैदाइश के थोड़ी देर बाद मर जाये तो उसका जनाज़ा लाज़िम है कि वह रूह इंसानी की आमद की वजह से इंसान बन गया था, और नफ़्स ने भी मुक़ामे नाफ़ पर अपने साथियों के साथ डेरा लगा लिया था। अगर इसमें जमादी रूह ताक़तवर है तो वह पहाड़ों में रहना पसंद करता है। रूह नबाती की वजह से इंसान फूलों और दरख़्तों से लगाव रखता है। रूह हैवानी के ग़लबह से जानवरों से प्यार और जानवरों जैसे काम करता है। जबकि नफ़्स की शक्ल कुत्ते की तरह होती है इसके ग़लबे से कुत्तों जैसे काम और कुत्तों से प्यार करता है। और बेदारिये क़ल्ब से इंसान फ़रिश्तों की तरह बन जाता है। इंसान के मरने के बाद समावी अरवाह आसमानों को लौट जाती हैं जो एक ही जिस्म के लिए मख़सूस हैं, अरज़ी रूहें बमअ़ नफ़ूस के इसी दुनिया में रह जाती हैं। अरज़ी रूहें एक से दूसरे, फिर तीसरे जिस्म में मुंतक़िल होती रहती हैं क्योंकि इनका रोज़ेमहशर से कोई तअ़ल्लुक़ नहीं लेकिन पाकीज़ः नफ़्स क़ब्रों में रहकर लोगों को फ़ैज़ पहुंचाते और खुद भी बन्दगी करते रहते हैं जैसा कि जब शबे मेअ़राज में हज़ूर पाक सल. मूसा की क़ब्र से गुज़रे तो देखा मूसा अपनी क़ब्र में नमाज़ पढ़ रहे हैं जब आसमानों पर पहुंचे तो देखा मूसा वहाँ भी मौजूद हैं। बदकार लोगों के ताक़तवर नफ़्स अपने बचाव के लिए शयातीन के टोले से मिल जाते हैं और लोगों के जिस्म में दाख़िल होकर लोगों को नुक़्सान पहुँचाते हैं इनको बदरूहें कहते हैं। इंजील में है कि ईसा बदरूहें निकाला करते थे। अरज़ी अरवाह और नफ़ूस इसी दुनिया में, रूह इंसानी आ़लमे इल्लियूयीन या सिज्जियूयीन में और लताइफ़ अगर ताक़तवर हैं तो वह भी इल्लियूयीन में, वरना क़ब्र में ही ज़ायअ़ हो जाते हैं। नफ़्स की वजह से इंसान नापाक हुआ।

बक़ौल बुल्हे शाह : इस नफ़्स पलीत ने पलीत कीता.... असाँ मुंढों पलीत न सी

नफ़्स को पाक करने के लिये किताबें उतरीं, नबी, वली आये कहीं इसको दोज़ख़ से डराया गया, कहीं बहिश्त की लालच दी गयी। रियाज़त, इबादत और रोज़ों के ज़रिए इसे सुधारने की कोशिश की गई और जन्नत के हक़दार भी हो गये। और बहुत से लोगों ने बातिनी इल्म के ज़रिए इसे पाक भी कर लिया और अल्लाह के दोस्त बन गये।

## तज़कराए नफ़्स

यह शैतानी जर्सूमा है। नाफ़ में इसका ठिकाना है। सब नबियों वलियों ने इसकी शरारत से पनाह माँगी, इसकी ग़िज़ा फ़ासफ़ोरस और बदबू है, जो हड्डियों, कोयले और गोबर में भी होती है हर मज़हब ने जनाबत के बाद नहाने पर ज़ोर दिया है। क्योंकि जनाबत की बदबू मसामों से भी ख़ारिज होती है। बदबूदार क़िस्म के मशरूब और बदबूदार क़िस्म के जानवरों के गोश्त को भी ममनूअ़ क़रार दिया है। रोज़े अज़ल में अल्लाह के सामने वाली तमाम रूहें, जमादी तक, एक दूसरे से मानूस और मुत्तहिद हो गईं। रूह जमादी की वजह से इंसान ने पत्थरों के मकान बनाये और रूह नबाती की वजह से दरख़्तों की लकड़ियों से छत बनाये। दरख़्तों के साये से भी मुस्तफ़ीज़ हुए। दरख़्तों ने इनको साफ़ सुथरी ऑक्सीजन पहुंचाई। पीछे

वाली हैवानी रूहें जो दुनिया में आकर जानवर बन गये, सब इंसानों के लिए हलाल कर दिये गये। जबकि इन ही से मुतअ़ल्लिक़ा परिन्दे भी हलाल कर दिये गये। बायीं तरफ़ जिन्नात और सिफ़ली मुवक्किलात बने फिर उनसे पीछे की तरफ़ ख़बीस अरवाह जो आख़िर में दुश्मने ख़ुदा हुईं। और वह हैवानी, नबाती और जमादी रूहें जो ख़बीसों के पीछे नमूदार हुई थीं उन्होंने इंसानों से दुश्मनी करी, उनकी रूहे जमादी के दुनिया में आने से राख कोयला बनी, जिसकी गैस इंसानों के लिये नुक़सानदेह थी। उनकी रूह नबाती से ख़तरनाक और काँटेदार क़िस्म के, और आदमख़ोर क़िस्म के दरख़्त वजूद में आये और उनकी रूह हैवानी से आदमख़ोर और दरिन्दा क़िस्म के जानवर पैदा हुए और उनसे मुतअ़ल्लिक़ा परिन्दे भी उन ही की इंसान दुश्मनी की ख़सलत की वजह से हराम क़रार दिये गये। जिनकी पहचान यह है कि वह पंजे से पकड़ कर ग़िज़ा खाते हैं। दायीं जानिब वाली अरवाह को इंसान का ख़ादिम, पैग़ाम रसाँ और मददगार बना दिया और इंसान को सबसे ज़्यादह फ़ज़ीलत अ़ता करके अपना ख़लीफ़ा मुक़र्रर कर दिया। अब इंसान की मरज़ी, मेहनत और किस्मत है कि ख़िलाफ़त मनज़ूर करे या ठुकरा दे। नफ़्स ख़्वाब में जिस्म से बाहर निकल जाता है और उस बन्दे की शक्ल में जिन्नात की शैतानी महफ़िलों में घूमता है। नफ़्स के साथ ख़न्नास भी होता है जिसकी शक्ल हाथी की तरह होती है और यह नफ़्स और क़ल्ब के दरमियान बैठ जाता है, इंसान को गुमराह करने के लिये नफ़्स की मदद करता है। इसके अ़लावह चार परिन्दे भी इंसान को गुमराह करने के लिये चारों लताइफ़ के साथ चिमट जाते हैं, जैसा कि क़ल्ब के साथ मुर्ग़, जिसकी वजह से दिल पर शहवत का ग़लबा रहता है, क़ल्ब के ज़िक्र से वह मुर्ग़, मुर्ग़े बिस्मिल बन जाता है और हरामो हलाल की तमीज़ का शऊ़र पैदा कर देता है। फिर इस क़ल्ब को क़ल्ब सलीम कहते हैं। सिर्री के साथ कव्वा, कव्वे की वजह से हिर्स, और ख़फ़ी के साथ मोर, मोर की वजह से हसद, और अख़फ़ा के साथ कबूतर, कबूतर की वजह से बुख़्ल आ जाता है और उनकी ख़सलतें लताइफ़ को हिर्सोहसद पर मजबूर कर देती हैं जबतक लताइफ़ मुनव्वर न हो जायें। इब्राहीम अलै. के जिस्म से इन ही चार परिन्दों को निकाल कर, पाकीज़ह कर के दोबारा जिस्म में डाला गया था। मरने के बाद पाकीज़ह लोगों के यह परिन्दे दरख़्तों पर बसेरा बना लेते हैं। बहुत से लोग जंगलों में कुछ दिन रह कर परिन्दों जैसी आवाज़ें निकालते हैं, और यह परिन्दे इनसे मानूस हो जाते हैं और उनके छोटे मोटे इलाजों में मुआ़विन बन जाते हैं।

## एक अहम नुक्ता

"नफ़्स का तअ़ल्लुक़ शैतान से है"
"सीने के पाँचों लताइफ़ का तअ़ल्लुक़ पाँचों रसूलों से है।"
"अन्ना का तअ़ल्लुक़ अल्लाह से है"
"इसी तरह इस जिस्म का तअ़ल्लुक़ कामिल मुर्शिद से है"
"और जो भी मख़लूक़ जिस निस्बत से ख़ाली है वह उसके फैज़ से महरूम और आ़री है"

# लतीफ़ए क़ल्ब

गोश्त के लोथड़े को उर्दू में दिल और अ़रबी में फ़व्वाद बोलते हैं और इस मख़लूक़ को जो दिल के साथ है, क़ल्ब बोलते हैं। इसकी नबूवत और इल्म आदम अलै. को मिला था। हदीस में है कि दिल और क़ल्ब में फ़र्क है। इस दुनिया को नासूत बोलते हैं। इसके अ़लावह और जहान भी हैं, यअ़नी मलकूत, अंकबूत, जबरूत, लाहूत, वहदत और अहदियत। यह मुक़ाम नासूत में गोला फटने से पहले थे और इनकी मख़लूक़ें भी पहले से मौजूद थीं। फ़रिश्ते अरवाह के साथ बने। लेकिन मलाइका और लताइफ़ पहले ही से इन मुक़ामात पर मौजूद थे। बाद में आ़लमे नासूत में भी कई सैयारों पर दुनिया आबाद हुई। कोई मिट गये और कोई मुंतज़िर हैं। यह मख़लूक़ यअ़नी लताइफ़ और मलाइका रूहों के अम्रे कुन से 70 हज़ार साल पहले बनाये गये थे और इनमें से क़ल्ब को मुक़ामे मुहब्बत में रखा गया और इसी के ज़रिए इंसान का राबता अल्लाह से जुड़ जाता है। अल्लाह और बन्दे के दर्मियान यह टेलीफून आप्रेटर की हैसियत रखता है। इंसान पर दलीलो इल्हामात इसी के ज़रिए वारिद होते हैं। जबकि लताइफ़ की इबादात भी इसी के ज़रिए अ़र्शेबाला पर पहुंचती हैं लेकिन यह मख़लूक़ ख़ुद मलकूत से आगे नहीं जा सकती, इसका मुक़ाम ख़ुल्द है। इसकी इबादत भी अंदर और तस्बीह भी इंसान के ढांचे में है। इसकी इबादत के बग़ैर वाले जन्नती भी अफ़सोस करेंगे क्योंकि अल्लाह ने फ़रमाया कि "क्या इन लोगों ने समझ रखा है कि हम इनको नेकूकारों के बराबर कर देंगे?" क्योंकि क़ल्ब वाले जन्नत में भी अल्लाह अल्लाह करते रहेंगे। जिस्मानी इबादत मरने के बाद ख़त्म हो जाती है जिनके क़ल्ब और लताइफ़ अल्लाह के नूर से ताक़तवर नहीं वह क़ब्रों में ही ख़स्तह हालत में रहेंगे या ज़ायअ़ हो जायेंगे जबकि मुनव्वर और ताक़तवर लताइफ़ मुक़ामे इल्लियूयीन में चले जायेंगे। यौमे महशर के बाद जब दूसरे जिस्म दिये जायेंगे तो फिर यह लताइफ़ भी रूहे इंसानी के साथ दीदार वाले लाफ़ानी वलियों के जिस्म में दाख़िल होंगे। जिन्होंने इनको दुनिया में अल्लाह अल्लाह सिखाया था वहाँ भी अल्लाह अल्लाह करते रहेंगे और वहाँ जाकर भी इनके मर्तबे बढ़ते रहेंगे। और जो इधर दिल के अंधे थे वह उधर भी अंधे ही रहेंगे। क्योंकि मैदाने अ़मल यह दुनिया थी और वह एक ही जगह साकिन हो जायेंगे। ईसाईयों, यहूदियों के अ़लावह हिंदू मज़हब भी इन मख़लूक़ों का क़ायेल है। हिंदू इन्हें शक्तियाँ और मुसलमान इन्हें लताइफ़ कहते हैं। क़ल्ब दिल के बायीं तरफ़ दो इंच के फ़ासिले पर होता है इस मख़लूक़ का रंग ज़र्द है। इसकी बेदारी से इंसान ज़र्द रोशनी अपनी आँखों में महसूस करता है। बल्कि कई आ़मिल हज़रात इन लताइफ़ के रंगों से लोगों का इलाज भी करते हैं। अक्सर लोग अपने दिल की बात बर्हक़ मानते हैं। अगर वाक़ई दिल सच्चे हैं तो सब दिल वाले एक क्यों नहीं ? आ़म आदमी का क़ल्ब सनोबरी होता है जिसमें कोई सुध बुध नहीं होती, नफ़्स और ख़न्नास के ग़ल्बे या अपने सीधेपन की वजह से ग़लत फ़ैसला भी दे सकता है। क़ल्ब सनोबरी पर एअ़तिमाद नादानी है। जब इस दिल में अल्लाह का ज़िक्र शुरू हो जाता है फिर इसमें नेकी बदी की तमीज़ और समझ आ जाती है इसे क़ल्बे सलीम कहते हैं, फिर ज़िक्र की कसरत से इसका रूख़ रब की तरफ़ मुड़ जाता है इसे क़ल्बे मुनीब कहते हैं, यह दिल बुराई से रोक सकता है मगर यह सही फ़ैसला नहीं कर सकता, फिर जब अल्लाह तआ़ला की तजल्लियात इस दिल पर गिरना शुरू हो जाती हैं तो उसे क़ल्बे शहीद कहते हैं। हदीसः शिकस्तह दिल और शिकस्तह क़ब्र पर अल्लाह की रहमत पड़ती है उस वक़्त जो दिल कहे चुप करके मान ले क्योंकि तजल्ली से नफ़्स भी मुत्मइन्नह हो जाता है और अल्लाह हब्लुल वरीद हो जाता है फिर अल्लाह कहता है कि मैं उसकी ज़बान बन जाता हूँ जिससे वह बोलता है, उसके हाथ बन जाता हूँ जिससे वह पकड़ता है।

# इंसानी रूह

(इसकी नबूवत और इल्म इब्राहीम अलैह. को मिला था)

यह दायें पुस्तान के क़रीब होती है। ज़िक्र की ज़र्बों और तसव्वुर से इसको भी जगाया जाता है। फिर इधर भी एक धड़कन नुमायाँ हो जाती है। इसके साथ (ज़िक्र) या अल्लाह मिलाया जाता है। फिर इंसान के अन्दर दो बन्दे ज़िक्र करना शुरू कर देते हैं और इसका मर्तबह क़ल्ब वाले से बढ़ जाता है। रूह का रंग सुर्ख़ी मायेल होता है और इसकी बेदारी से जबरूत तक (जो मुक़ामे जिब्राईल है) रसाई हो जाती है। ग़ज़बो गुस्सा इसके हमसायह होते हैं जो जलकर जलाल बन जाते हैं।

## लतीफ़ए सिर्री

(इसकी नबूवत और इल्म मूसा अलैह. को मिला था)

यह मख़लूक़ सीने के दर्मियान से बायें पुस्तान के दर्मियान होती है। इसको भी या हइयो या क़इयूम की ज़र्बों और तसव्वुर से बेदार किया जाता है। इसका रंग सफ़ेद है। ख़्वाब या मुराक़बे में लाहूत तक पहुंच रखती है, अब तीन मख़लूक़ें ज़िक्र कर रही हैं और इसका दर्जा उन दो से बढ़ गया।

## लतीफ़ए ख़फ़ी

(इसकी नबूवत और इल्म ईसा को मिला था)

यह सीने के दर्मियान से दायें पुस्तान के दर्मियान होती है इसे भी ज़र्बों के ज़रिए़ या वाहिद सिखाया जाता है। इसका रंग सब्ज़ है और इसकी रसाई मुक़ामे वहदत से है, और अब चार बन्दों की इबादत से दर्जा और बढ़ गया।

## लतीफ़ए अख़फ़ा

(इसकी नबूवत और इल्म हज़ूरपाक को मिला था)

यह मख़लूक़ सीने के दर्मियान है। या अहद् का ज़िक्र इसके लिये वसीला है इसका रंग जामुनी है इसका तअ़ल्लुक़ भी मुक़ामे वहदत के उस पर्दे से है जिसके पीछे तख़्ते खुदावन्द है।

पाँच लतीफ़ों का बातिनी इल्म भी पाँचों नबियों को बिल्तर्तीब हासिल हुआ और हर लतीफ़े का आधा इल्म नबियों से वलियों तक पहुंचा। इस तरह इसके दस हिस्से बन गये फिर वलियों से ख़ास (लोग) इस इल्म से मुस्तफ़ीज़ हुए। जबकि ज़ाहिरी इल्म, ज़ाहिरी जिस्म, ज़ाहिरी ज़बान, नासूत और नफ़्स से तअ़ल्लुक़ रखता है। यह आ़म लोगों के लिये है और इसका इल्म ज़ाहिरी किताब में है जिसके तीस (३०) हिस्से हैं। इल्मे बातिन भी नबियों पर वहि्य के ज़रिए़ नाज़िल हुआ, इस वजह से इसे भी बातिनी कुरान बोलते हैं। कुरान की बहुत सी सूरतें बाद में मन्सूख़ की जातीं, उसकी वजह यही थी कि कभी कभी सीने का इल्म भी हज़ूर सल. की ज़ुबान से आ़म में अदा हो जाता जो कि ख़ास के लिये था, बाद में यह इल्म सीना बसीना वलियों में चलता रहा और अब कुतुब के ज़रिए़ आ़म कर दिया गया।

## लतीफ़ए अन्ना

यह मख़लूक़ सिर में होती है। बेरंग है। ''याहू'' का ज़िक्र इसकी मेअ़राज है और यही मख़लूक़ ताक़तवर हो कर ख़ुदा के रूबरू बेपर्दा हमकलाम हो जाती है। यह आ़शिक़ों का मुक़ाम है इसके अ़लावह कुछ ख़्वास को अल्लाह की तरफ़ से और दीगर मख़लूक़ें भी अ़ता हो जाती हैं, जैसे ''तिफ़्लेनूरी'' या ''जुस्सा तौफ़ीक़े इलाही'' फिर इनका मर्तबा समझ से बालातर है।

**लतीफ़ए अन्ना के ज़रिए दीदारे इलाही ख़्वाब में होता है।**
**जुस्सा तौफ़ीक़े इलाही के ज़रिए रब का दीदार मुराक़्बे में होता है।**
**और तिफ्लेनूरी वालों का दीदार होशो हवास में होता है।**

यही फिर दुनिया में क़ुद्‌रतुल्लाह कहलाते हैं, चाहे किसी को इबादतो रियाज़त, और चाहे किसी को नज़रों से ही मुक़ामे महमूद तक पहुंचा दें, इनकी नज़रों में : चह मुस्लिम चह काफ़िर. ......चह ज़िन्दा चह मुर्दा, सब बराबर होते हैं जैसा कि ग़ौस पाक रज़ि. की एक नज़र से चोर कुतुब बन गया। या अबू बकर हव्वारी या मंगा डाकू भी इन लोगों की नज़रों से पीर बन गये।

पाँचों मुर्सिल को बिल्तर्तीब अ़लहिदा अ़लहिदा लताइफ़ का इल्म दिया गया जिसकी वजह से रूहानियत में तरक़्क़ी होती गयी। जिस जिस लतीफ़े का ज़िक्र करेगा उनसे मुतअ़ल्लिक़ मुर्सिल से तअ़ल्लुक़ और फ़ैज़ का हक़दार हो जायेगा। और जिस लतीफ़े पर तजल्ली पड़ेगी उसकी विलायत उस नबी के नक़्शे क़दम पर होगी। सात आसमानों में पहुंच और सात बहिश्तों में मदारिज की हुसूली भी इन ही लताइफ़ से होती है।

## इंसानी जिस्म में इन लताइफ़ की ड्यूटियाँ

**लतीफ़ए अख़फ़ा :**

इसके ज़रिए इंसान बोलता है वरना ज़बान ठीक होने के बावजूद वह गूंगा है। इंसानों और हैवानों में फ़र्क़ इन लताइफ़ का है। पैदाइश के वक़्त अगर अख़फ़ा किसी वजह से जिस्म में दाख़िल न हो सके तो इसे जिस्म में मंगवाना किसी मुतअ़ल्लिक़ा नबी की ड्यूटी थी, फिर गूंगे बोलना शुरू हो जाते थे।

**लतीफ़ए सिर्री :**

इसके ज़रिए इंसान देखता है। इसके जिस्म में न आने से इंसान पैदाइशी अंधा है। इसको वापस लाना भी किसी मुतअ़ल्लिक़ा नबी की ड्यूटी थी जिससे अन्धे भी देखना शुरू हो जाते थे।

**लतीफ़ए क़ल्ब :**

इसके जिस्म में न होने की वजह से इंसान बिल्कुल जानवरों की तरह रब से नाआश्ना और दूर, बेशौक़, बेकैफ़ हो जाता है, इसको वापस दिलवाना भी नबियों का काम था। और उन नबियों के मोज्ज़ात करामत की सूरत में वलियों को भी अ़ता हुए, जिसके ज़रिए फ़ासिको फ़ाजिर भी रब तक पहुंच गये। किसी भी वली या नबी के ज़रिए जब किसी मुतअ़ल्लिक़ा लतीफ़े को वापस किया जाता है तो गूंगे बहरे और अन्धे भी शिफ़ायाब हो जाते हैं।

**लतीफ़ए अन्ना :**

इसके जिस्म में न आने से इंसान पागल कहलाता है बेशक दिमाग़ की सब नसें काम कर रहीं हों।

### लतीफ़ए ख़फ़ी :

इसके न आने से इंसान बहरा है, ख़्वाह कान के सुराख़ खोल दिये जायें। जिस्मानी नक़ाइस से भी यह हालतें पैदा हो सकती हैं जो क़ाबिले इलाज हैं, लेकिन मख़लूक़ों के नापैद होने का कोई इलाज नहीं जबतक किसी नबी या वली की हिमायत हासिल न हो।

### लतीफ़ए नफ़्स :

इसके ज़रिए इंसान का दिल दुनिया में, और लतीफ़ए क़ल्ब के ज़रिए इंसान का रूख़ अल्लाह की तरफ़ मुड़ जाता है।

## लफ़्ज़ ''अल्लाह''

सुर्यानी ज़बान जो आसमानों पर बोली जाती है फ़रिश्ते और रब इसी ज़बान से मुख़ातिब होते हैं। जन्नत में आदम सफ़ीउल्लाह भी यही ज़बान बोलते थे। फिर जब आदम सफ़ीउल्लाह और माई हव्वा दुनिया में आये अरबिस्तान में आबाद हुए। उनकी औलाद भी यही ज़बान बोलती थी, फिर आल के दुनिया में फैलाव की वजह से यह ज़बान अ़रबी फ़ारसी, लातीनी से निकलती हुई अंग्रेज़ी तक जा पहुंची, और अल्लाह को मुख़्तलिफ़ ज़बानों में अ़लहिदा अ़लहिदा पुकारा जाने लगा। आदम अलैह. के अ़रब में रहने की वजह से सुर्यानी के बहुत से इल्फ़ाज़ अब भी अ़रबी ज़बान में मौजूद हैं जैसा कि आदम को आदम सफ़ीउल्लाह के नाम से पुकारा था। किसी को नूह नबीउल्लाह, किसी को इब्राहीम ख़लीलुल्लाह, फिर मूसा कलीमुल्लाह, ईसा रूहुल्लाह और मुहम्मद रसूलुल्लाह पुकारा गया। यह सब कलमे सुर्यानी ज़बान में लौह महफ़ूज़ पर इन नबियों के आने से पहले ही दर्ज थे, तब ही हज़ूर पाक सल. ने फ़रमाया था कि मैं इस दुनिया में आने से पहले भी नबी था।

बअ़ज़ लोगों का ख़याल है कि लफ़्ज़ अल्लाह मुसलमानों का रखा हुआ नाम है, मगर ऐसा नहीं है।

ह० मुहम्मद रसूलुल्लाह के वालिद का नाम अब्दुल्लाह था जबकि उस वक़्त इस्लाम नहीं था। और इस्लाम से पहले भी हर नबी के कलमे के साथ अल्लाह पुकारा गया। जब रूहें बनाईं गयीं तो उनकी ज़बान पर पहला लफ़्ज़ ''अल्लाह'' ही था और फिर जब रूह आदम के जिस्म में दाख़िल हुई तो या अल्लाह पढ़कर ही दाख़िल हुई थी। बहुत से मज़ाहिब इस रम्ज़ को हक़ समझ कर अल्लाह के नाम का ज़िक्र करते हैं और बहुत से शकूको शुब्हात की वजह से इससे महरूम हैं। जो भी नाम रब की तरफ़ इशारा करता है क़ाबिले तअ़ज़ीम है, यअ़नी अल्लाह की तरफ़ रूख़ कर देता है। मगर नामों के असर से मुतफ़र्रिक़ हो गये। हरूफ़े अबजद और हरूफ़े तहिज्जी की रू से हर लफ़्ज़ का हिन्दसह अ़लहिदा होता है। यह भी एक आसमानी इल्म है और इन हिन्दसों का तअ़ल्लुक़ कुल मख़लूक़ से है बअ़ज़ दफ़ह यह हिन्दसे सितारों के हिसाब से आपस में मुवाफ़िक़त नहीं रखते जिसकी वजह से इंसान परेशान रहता है। बहुत से लोग इस इल्म के माहिरीन से सितारों के हिसाब से ज़ाइचा बनवाकर नाम रखते हैं। जैसा कि अबजद (अ ब ज द) (1,2,3,4) के दस (10) अ़दद बनते हैं। इसी तरह हर नाम के अ़लहिदा अअ़दाद होते हैं। जब अल्लाह के मुख़तलिफ़ नाम रख दिये गये तो अबजद के हिसाब से एक दूसरे से टकराव का सबब बन गये। अगर सब एक ही नाम से रब को पुकारते तो मज़ाहिब जुदा जुदा होने के बावजूद अंदर से एक ही होते। फिर नानक साहेब और बाबा फ़रीद की तरह यही कहतेः

सब रूहें अल्लाह के नूर से बनी हैं, लेकिन इनका माहौल और इनके मुहल्ले अ़लहिदा हैं।

जिन फ़रिश्तों की दुनिया में ड्यूटी लगाई जाती है उन्हें दुनिया वालों की ज़बानें भी सिखाई जाती हैं। उम्मतियों के लिये ज़रूरी है कि अपने नबी का कलमा जो नबी के ज़माने में उम्मत की पहचान, फ़ैज़ और पाकीज़गी के लिये रब की तरफ़ से अ़ता हुआ था, उसी तरह उसी ज़बान में कलमे का तक़रार किया करे। किसी को किसी भी मज़हब में आने के लिये यह कलमें शर्त हैं। जिस तरह निकाह के वक़्त ज़बानी इक़रार शर्त है जन्नतों में दाख़िले के लिये भी यह कलमे शर्त कर दिये गये। लेकिन मग़रिबी मुमालिक में बेशतर मुस्लिम और ईसाई अपने मज़हब के कलमों हत्ताकि अपने नबी के असली नाम से बेख़बर हैं। ज़बानी कलमे वाले अअ़माले सालेह के मुहताज, कलमा न पढ़ने वाले जन्नत से बाहर, और जिनके दिलों में भी कलमा उतर गया था वही बग़ैर हिसाब के जन्नत में जायेंगे। आसमानी किताबें जो जिस भी ज़बान में असली हैं वह रब तक पहुंचाने का ज़रिअ़ह हैं लेकिन जब इनकी इबारतों और तर्जुमों में मिलावट कर दी गई, जिस तरह मिलावट शुदह आटा पेट के लिये नुक़सानदेह है इसी तरह मिलावट शुदह किताबें दीन में नुक़्सान बन गयी हैं और एक ही दीन, नबी वाले कितने फ़िरक़ो में बट गये। सिराते मुस्तक़ीम के लिये बेहतर है कि तुम नूर से भी हिदायत पा जाओ।

## नूर बनाने का तरीक़ा

पुराने ज़माने में पत्थरों की रगड़ से आग हासिल की जाती थी जबकि लोहे की रगड़ से भी चिंगारी उठती है। पानी से पानी टकराया तो बिजली बन गई। इसी तरह इंसान के अन्दर ख़ून के टकराव यअ़नी दिल की टिक टिक से भी बिजली बनती है। हर इंसान के जिस्म में तक़रीबन डेढ़ वाल्ट बिजली मौजूद है। जिसके ज़रिए उसमें फुरती होती है। बुढ़ापे में टिक टिक की रफ़्तार सुस्त होने की वजह से बिजली में भी और चुस्ती में भी कमी आ जाती है। सबसे पहले दिल की धड़कनों को नुमायाँ करना पड़ता है। कोई डान्स के ज़रिए, कोई कबड्डी या वर्ज़िश के ज़रिए, और कोई अल्लाह अल्लाह की ज़र्बों के ज़रिए यह अ़मल करते हैं। जब दिल की धड़कनों में तेज़ी आ जाती है फिर हर धड़कन के साथ अल्लाह अल्लाह, या एक के साथ अल्लाह और दूसरी के साथ ''हू'' मिलायें। कभी कभी दिल पर हाथ रखें, धड़कनें महसूस हों तो अल्लाह मिलायें। कभी कभी नब्ज़ की रफ़्तार के साथ अल्लाह मिलायें। तसव्वुर करें कि अल्लाह दिल में जा रहा है। अल्लाहू का ज़िक्र बेहतर और ज़ूद असर है। अगर किसी को ''हू'' पर एअ़तराज़ या ख़ौफ़ हो तो वह बजाये महरूमी के धड़कनों के साथ अल्लाह अल्लाह ही मिलाते रहें। विर्द वज़ाइफ़ और ज़कूरियत वाले लोग जितना भी पाक साफ़ रहें उनके लिये बेहतर है, कि

बे अदब.... बे मुराद................बा अदब.... बा मुराद

पहला तरीक़ा :

काग़ज़ पर काली पेंसिल से الله लिखें, जितनी देर तबिअ़त साथ दे रोज़ानह मश्क़ करें। एक दिन लफ़्ज़ अल्लाह काग़ज़ से आंखों में तैरना शुरू हो जायेगा फिर आंखों से तसव्वुर के ज़रिए दिल पर उतारने की कोशिश करें।

दूसरा तरीक़ा :

ज़ीरो के सफ़ेद बल्ब पर पीले रंग से '' الله '' लिखें, उसे सोने से पहले या जागते वक़्त आंखों में समोने की कोशिश करें। जब आंखों में आ जाये तो फिर उस लफ़्ज़ को दिल पर उतारें।

### तीसरा तरीक़ा :

यह तरीक़ा उन लोगों के लिये है जिनके रहबर कामिल हैं और तअ़ल्लुक़ो निस्बत की वजह से रूहानी इमदाद करते हैं। तन्हाई में बैठ कर शहादत की उंगली को क़लम ख़याल करें और तसव्वुर से दिल पर الله लिखने की कोशिश करें। रहबर को पुकारें कि वह भी तुम्हारी उंगली को पकड़कर तुम्हारे दिल पर الله लिख रहा है। यह मश्क़ रोज़ाना करें जबतक दिल पर अल्लाह الله लिखा नज़र न आये। पहले तरीक़ों में अल्लाह वैसे ही नक़्श होता है जैसा कि बाहर लिखा या देखा जाता है। फिर जब धड़कनों से अल्लाह मिलना शुरू हो जाता है तो फिर आहिस्ता आहिस्ता चमकना शुरू हो जाता है। चूंकि इस तरीक़े में कामिल रहबर का साथ होता है इस लिये शुरू से ही ख़ुशख़त और चमकता हुआ दिल पर الله लिखा नज़र आता है। दुनिया में कई नबी वली आये, ज़िक्र के दौरान बतौर आज़माइश बारी बारी, अगर मुनासिब समझें तो सबका तसव्वुर करें जिसके तसव्वुर से ज़िक्र में तेज़ी और तरक़्क़ी नज़र आये आप का नसीबा उसी के पास है फिर तसव्वुर के लिये उसी को चुन लें क्योंकि हर वली का क़दम किसी न किसी नबी के क़दम पर होता है, बेशक नबी ज़ाहिरी हयात में न हो! और हर मोमिन का नसीबा किसी न किसी वली के पास होता है। वली की ज़ाहिरी हयात शर्त है। लेकिन कभी कभी किसी को मुक़द्दर से किसी ममात वाले कामिल ज़ात से भी मलकूती फ़ैज़ हो जाता है लेकिन ऐसा बहुत ही महदूद है। अल्बत्तह ममात वाले दरबारों से दुनियावी फ़ैज़ पहुंचा सकते हैं। इसे अवैसी फ़ैज़ कहते हैं और यह लोग अक्सर कश्फ़ और ख़्वाब में उलझ जाते हैं क्योंकि मुर्शिद भी बातिन में और इब्लीस भी बातिन में, दोनों की पहचान मुश्किल हो जाती है। फ़ैज़ के साथ इल्म भी ज़रूरी होता है जिसके लिये ज़ाहिरी मुर्शिद ज़्यादह मुनासिब है। अगर फ़ैज़ है! इल्म नहीं! तो उसे मज्ज़ूब कहते हैं। फ़ैज़ भी है, इल्म भी है उसे महबूब कहते हैं। महबूब इल्म के ज़रिए लोगों को दुनियावी फ़ैज़ के अ़लावह रूहानी फ़ैज़ भी पहुंचाते हैं जबकि मजज़ूब डंडों और गालियों से दुनियावी फ़ैज़ पहुंचाते हैं।

''अगर कोई भी आपके तसव्वुर में आकर, आपकी मदद न करे तो फिर ''गौहर शाही'' ही को आज़माकर देखें।''

मज़हब की क़ैद नहीं! अल्बत्तह अज़ली बदबख़्त न हो। बहुत से लोगों को चांद से भी ज़िक्र अ़ता हो जाता है। उसका तरीक़ा यह है : जब पूरा चांद मश्रिक़ की तरफ़ हो, ग़ौर से देखें, जब सूरते गौहर शाही नज़र आ जाये तो तीन दफ़अ़ 'अल्लाह' 'अल्लाह' 'अल्लाह' कहें, इजाज़त हो गई। फिर बेख़ौफ़ो बेख़तर दर्ज शुदह तरीक़े से मश्क़ शुरू कर दें। यक़ीन जानिये! चांद वाली सूरत बहुत से लोगों से हर ज़बान में बातचीत भी कर चुकी है। आप भी देखकर बातचीत की कोशिश करें।

## बाबत मुराक़बह

बहुत से लोग रूहों (लताइफ़, शक्तियाँ) की बेदारी और रूहानी ताक़त सीखे बग़ैर मुराक़बा करने की कोशिश करते हैं। इनका या तो मुराक़बा लगता ही नहीं या शैतानी वारदातें शुरू हो जाती हैं। मुराक़बह इन्तेहाई लोगों का काम है जिनके नफ़्स पाक और क़ल्ब साफ़ हो चुके हों। आ़म लोगों का मुराक़बा नादानी है ख़्वाह किसी भी ज़ाहिरी इबादत से क्यों न हो! रूहों की ताक़त को नूर से यकजा करके किसी मुक़ाम पर पहुंच जाने का नाम मुराक़बह है।

**विलायत नबूवत का चालीसवाँ हिस्सा है** : नबी का हर ख़्वाब, मुराक़बह या इल्हाम वहि्य सही होता है इसे तस्दीक़ की ज़रूरत नहीं। लेकिन वली के सौ (100) में से चालीस (40) ख़्वाब मुराक़बे या इल्हामात सही और बाक़ी ग़लत होते हैं और इनकी तस्दीक़ के लिये इल्मे बातिन की ज़रूरत है कि :

बे इल्म नतवाँ ख़ुदारा शनाख़्त

सबसे अदना मुराक़बह क़ल्ब की बेदारी के बाद लगता है जो कि ज़िक्रे क़ल्ब के बग़ैर नामुम्किन है। एक झटके से आदमी होशो हवास में आ जाता है। इस्तख़ारे का तअ़ल्लुक़ भी क़ल्ब से है। इससे आगे रूह के ज़रिए मुराक़बा लगता है। तीन झटकों से वापसी होती है। तीसरा मुराक़बा लतीफ़ए अन्ना और रूह से इकट्ठा लगता है। रूह भी जबरूत तक साथ जाती है जैसा कि जिब्राईल हज़ूर पाक सल. के साथ जबरूत तक गये थे। ऐसे लोगों को क़ब्र में भी दफ़ना आते हैं मगर उन्हें ख़बर नहीं होती ऐसा मुराक़बह असहाबे कहफ़ को लगा था जो तीन सौ (300) साल से ज़ाइद अ़र्सा ग़ार में सोते रहे। ऐसा मुराक़बह जब ग़ौस पाक को जंगल में लगता तो वहाँ के मकीन डाकू , आपको मुर्दा समझकर क़ब्र में दफ़नाने के लिये ले जाते थे। लेकिन दफ़नाने से पहले ही वह मुराक़बह टूट जाता।

## अल्लाह की तरफ़ से ख़ास इल्हाम और वहि्य की पहचान :

जब इंसान सीने की मख़लूक़ों को बेदार और मुनव्वर करके तजल्लियात के क़ाबिल हो जाता है तो उस वक़्त अल्लाह उससे हमकलाम होता है। यूँ तो वह क़ादिरे मुत्लिक़ है किसी भी ज़रिए इंसान से मुख़ातिब हो सकता है लेकिन उसने अपनी पहचान के लिये एक ख़ास तरीक़ा बनाया हुआ है ताकि उसके दोस्त शैतान के धोके से बच सकें। सबसे पहले सुर्यानी ज़बान में इबारत सालिक के दिल पर आती है और उसका तर्जुमा भी उसी ज़बान में नज़र आता है जिसका वह हामिल है। वह तहरीर सफ़ेद और चमकदार होती है और आंखें ख़ुद बख़ुद बंद होकर उसे देखती हैं। फिर वह तहरीर क़ल्ब से होती हुई लतीफ़ए सिर्री की तरफ़ आती है। जिसकी वजह से ज़्यादह चमकना शुरू हो जाती है। फिर वह तहरीर लतीफ़ए अख़फ़ा की तरफ़ आती है, अख़फ़ा से और चमक हासिल करके ज़बान पर चली जाती है और ज़बान बेसाख़्तः वह तहरीर पढ़ना शुरू कर देती है। अगर यह इल्हाम शैतान की तरफ़ से हो तो मुनव्वर दिल उस तहरीर को मद्धिम कर देता है, अगर तहरीर ज़ोर आवर है तो लतीफ़ए सिर्री या अख़फ़ा उस तहरीर को ख़त्म कर देते हैं। बिल्फ़र्ज़ अगर लतीफ़ों की कमज़ोरी की वजह से वह तहरीर ज़बान पर पहुंच भी जाये तो ज़बान उसे बोलने से रोक लेती है। यह इल्हाम ख़ास वलियों के लिये होता है जबकि आ़म वलियों को अल्लाह तआ़ला फ़रिश्तों या अरवाह के ज़रिए पैग़ाम पहुंचाता है। और जब ख़ास इल्हाम की तहरीर के साथ जिब्राईल भी आ जायें तो उसे वहि्य कहते हैं जो सिर्फ़ नबियों के लिये मख़सूस है।

*******

## बहिश्त किन लोगों के लिये है

कुछ अज़ली जहन्नुमी भी अअ़मालो इबादात के ज़रिए बहिश्ती बनने की कोशिश करते हैं लेकिन आख़िर में शैतान की तरह मर्दूद हो जाते हैं, क्यों कि बुख़्ल, तकब्बुर, हसद इनकी विरासत है।

हदीस : जिसमें ज़र्रा भर भी बुख़्ल और हसद तकब्बुर है
वह जन्नत में नहीं जा सकता।

बहिश्ती लोग अगर इबादात में न भी हों तो पहचाने जाते हैं, यह लोग दिल के नरम और साफ़, और हिर्सो हसद से पाक और सख़ी होते हैं अगर इबादात में लग जायें तो बहुत ऊंचा मुक़ाम हासिल कर लेते हैं। और अल्लाह तआ़ला इन ही की बख़शिश के बहाने बनाता है और कुछ लोग दर्मियान वाले होते हैं इनका नेकी बदी का परवाना चलता है। और कुछ अल्लाह के ख़्वास होते हैं। इन ही रूहों ने अज़ल में अल्लाह से मुहब्बत करी थी। इन्हें जन्नत दोज़ख़ से मक़सद नहीं बल्कि अल्लाह के इश्क़ में तन मन धन लुटा देते हैं। अल्लाह के ज़िक्र और रहमत से अपनी रूहों को चमका लेते हैं, दीदारे इलाही भी हासिल कर लेते हैं, जन्नतुल फ़िर्दौस सिर्फ़ इन ही रूहों के लिये मख़सूस है। और इन ही के लिये हदीस है कि : कुछ लोग बग़ैर हिसाब के जन्नत में जायेंगे।

## ''तशरीह''

जिनको दुनिया का नज़ारा दिखाया ''दुनिया इनके'' मुक़द्दर में लिख दी। इन्होंने नीचे दुनिया में आकर दुनिया हासिल करने के लिये जान की बाज़ी लगा दी। चोरी, डाका, रिशवत, सूद जैसे जरायेम को भी नज़र अन्दाज़ कर दिया हत्ताकि वहदानियत का भी इनकार कर दिया। इनमें से कुछ रूहें थीं जिन्होंने जन्नत हासिल करने के लिये मज़हब या इबादत भी अख़्तियार की लेकिन अज़ाज़ील की तरह बेसूद साबित हुईं क्योंकि कोई गुस्ताख़, या अल्लाह का नापसन्द मज़हब या फ़िर्क़ा इनके रास्ते में रूकावट बन गया। दूसरी अरवाह जिन्होंने बहिश्त तलब करी थी उन्होंने दुनियावी कामों के साथ साथ इबादतो रियाज़त को अव्वलीन तर्जीह दी, हूरोक़सूर की लालच में इबादत गाहों की तरफ़ दौड़ लगाई और जन्नत हासिल करने में कामयाब हो गये, लेकिन इनमें से कुछ लोग इबादत में सुस्त रहे चूंकि जन्नत इनकी क़िस्मत में थी इसलिये कोई बहाना इनके काम आ गया लेकिन वह जन्नत का वह मुक़ाम हासिल न कर सके जो नेकूकारों ने हासिल किया। इन ही के लिये अल्लाह ने फ़रमाया : ''क्या इन लोगों ने समझ रखा है, हम इनको नेकूकारों के बराबर कर देंगे!'' क्योंकि जन्नत के सात (7) दर्जे हैं। आ़म लोगों को हिदायत नबियों, किताबों, गुरूओं, वलियों के ज़रिए होती है। इन्हें उस मज़हब में दाख़िला और कलमा ज़रूरी है। और ख़्वास बग़ैर मज़हब और बग़ैर कुतुब के भी अल्लाह की नज़रे रहमत में आ जाते हैं। यअ़नी इनको हिदायत नूर से होती है।

***अल्लाह जिन्हें चाहता है नूर से हिदायत देता है। (अल्कुरान)***

कहते हैं कि बहिश्त में दाख़िले के लिये कलमा ज़रूरी है, बहिश्त में इन जिस्मों को नहीं रूहों को जाना है और दाख़िले के वक़्त पढ़ना है तो फिर ये रूहें मुक़ामे दीद में जाकर किसी भी वक़्त कलमा पढ़ लेंगी। मरने के बाद ही सही जैसे हज़ूर पाक की वालिदह और वालिद और चचा की रूहों को मरने के बाद ही कलमा पढ़ाया गया था। बल्कि ख़्वासुलख़ास रूहें ऊपर से ही कलमा पढ़कर यअ़नी इक़रार तस्दीक़ करके ही आती हैं। हज़ूर पाक ने फ़रमाया था कि ''मैं दुनिया में आने से पहले भी नबी था'' ये इल्फ़ाज़ रूह के ही रूहों के लिये हो सकते हैं जिस्म तो इस दुनिया में मिला। क़ौमें हों तब सरदार होते हैं! उम्मती हों तब नबी होते हैं, वरना इनका क्या काम? फिर इन ही लोगों को मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब में भेजा जाता है, कोई बाबा फ़रीद के रूप में

और कोई गुरू नानक के रूप में ज़ाहिर होते हैं। अल्लाह को पाने वाली रूहें मज़हब नहीं देखतीं बल्कि जिसकी अल्लाह से रसाई देखती हैं उसके साथ लग जाती हैं। ग़ौस अली शाह जो एक वली हो गुज़रे हैं तज़करा-ए-ग़ौसिया में लिखा है कि मैंने हिन्दू योगियों से भी फ़ैज़ हासिल किया है। यह रम्ज़ न समझ कर मुस्लिम उलमा ने ग़ौस अली शाह पर वाजिबुल क़त्ल के फ़तवे लगाए और मुसलमानों को कहा कि : जिसके भी घर में यह किताब हो उसे जला दिया जाये, लेकिन वह किताब बच बचाकर अभी भी हिन्दुस्तान, पाकिस्तान में मौजूद और मक़बूल है।

कुछ क़ौमों ने नबियों को तसलीम किया और कुछ ने नबियों को झुटलाया। झुटलाने वाली क़ौमों में भी रब ने इन ही के मज़हब के मुताबिक़ उन लोगों को भेजा और उन्होंने इनको गुनाहों से बचाने की तअ़लीम दी और इन ही की इबादत और रसमो रिवाज के ज़रिए इनका रूख रब की तरफ़ मोड़ने की कोशिश की। अमन और रब की मुहब्बत का सबक़ दिया। अगर यह लोग न होते तो आज हर मज़हब एक दूसरे के लिये ख़ूँख़्वार ही बन जाता, ऐसी रूहों को दुनिया में ख़िज़र (विष्णु महाराज) से भी रहनुमाई मिलती है जो हर मज़हब का भेद जानते हैं।

## तक़्वा किन लोगों के लिये है?

इल्मुलयक़ीन :- यह लोग दुनियादार होते हैं। मुक़ामे शुनीद होता है। इल्म के ज़रिए यक़ीन रखते हैं। इनका ईमान सुनी-सुनाई बातों पर होता है। भटक भी जाते हैं। इन्हें तक़्वे से नहीं बल्कि मेहनत से मिलता है। ख़्वाह रिज़्के हलाल से कमायें या हराम से!

ऐनुलयक़ीन :- यह लोग तारिकुद्दुनिया कहलाते हुए भी दुनिया वालों के साथ ही रहते हैं लेकिन इनका रूख और दिल रब की तरफ़ होता है। इनको अक्सर रहमानी मनाज़िर भी दिखाये जाते रहते हैं। इनका मुक़ाम दीद होता है। इन्हें भी जाइज़ मेहनत से मिलता है। नाजाइज़ से इन्हें नुक़्सान होता है।

हक़्कुलयक़ीन :- इनका मुक़ाम रसीद होता है यअ़नी अल्लाह की तरफ़ से कोई मर्तबह मिल जाता है और अल्लाह की नज़रे रहमत में आ जाते हैं। इन्हें फ़ारिगुद्दुनिया कहते हैं। दुनिया में रहकर भी जाइज़ो नाजाइज़ धन्दे से दूर रहते हैं। यह अगर जंगलों में भी बैठ जायें तो अल्लाह इनको वहाँ भी रिज़्क़ पहुंचाता है। येह तक़्वे की मंज़िल है। इब्तिदाई लोग तक़्वे की बात ज़रूर करते हैं मगर इसमें कामयाब नहीं होते।

# तक़दीर

### तक़दीर दो तरह की होती है।

1- अज़ल......और......2- मुअ़ल्लक़।

बअ़ज़ लोग कहते हैं कि जब मुक़द्दर में रिज़्क़ लिख दिया तो इसके लिये घूमना फिरना क्या? मख़दूम जहानियाँ ने कहा कि रिज़्क़ को हासिल करने के लिये घूमना फिरना भी मुक़द्दर में लिख दिया।

मिसाल के तौर पर जैसा कि आप के लिये फूलों का गुलदस्ता छत पर रख दिया गया है। ''यह तक़दीरे अज़ल है''। इसे हासिल करने के लिये आपको सीढ़ियों के ज़रिए छत पर पहुंचना है। ''यह तक़दीरे मुअ़ल्लक़ है'' जो आपके अख़्तियार में है और इसी मुअ़ल्लक़ का हिसाब किताब होगा, न कि तक़दीरे अज़ल का! आप छत पर पहुंचेंगे और अपना नसीब हासिल कर लेंगे। अगर आपने सुस्ती की और छत तक न पहुंचे तो इससे महरूम हो जायेंगे। दूसरा शख़्स जिसके मुक़द्दर में छत पर गुलदस्ता नहीं है वह अगर सीढ़ियों के ज़रिए या सख़्त मेहनत से भी छत पर पहुंच जाये तो वह महरूम ही है।

तीसरी अरवाहः- जिन्होंने न दुनिया तलब करी और न ही जन्नत की तलबगार हुईं। सिर्फ़ रब के नज़ारे को देखती रहीं। उन्होंने दुनिया में आकर रब की तलाश के लिये अपना सबकुछ क़ुर्बान कर दिया। कई बादशाहतों को भी छोड़कर उसको पाने के लिये भूखे प्यासे जंगलों में रहते हत्ताकि किसी ने दरियाओं में भी कितने साल बैठकर गुज़ारे, कामयाबी के बाद यही वलीयुल्लाह कहलाये और अल्लाह की तरफ़ से मुख़्तलिफ़ ओहदों और मुख़्तलिफ ड्यूटियों पर फ़ाइज़ हुए और दोज़ख़ियों के लिये भी दवा और दुआ बन गये, कि

**इक़बाल**...... निगाहे मर्द मोमिन से बदल जाती हैं तक़दीरें।

इस लिये अरज़ी अरवाह के हर जन्म में मुर्शिद ''गुरू'' का चश्मदीद होना लाज़मी है। पिछले जन्म या ख़ान्दान के ज़माने के मुर्शिद मौजूदह जिस्म से मुबर्रा हो जाते हैं। जैसा कि नबूवत भी ऊलुलअ़ज़्म मुर्सल के आने के बाद मुबर्रा हो जाती है। जैसा कि मूसा कलीमुल्लाह ऊलुलअ़ज़्म थे। मूसा कलीमुल्लाह के बाद ''जितने भी नबी आये'' ईसा रूहुल्लाह के आने के बाद उनका दीन भी कल्अ़दम क़रार दिया गया। और ईसा रूहुल्लाह से हज़ूर पाक तक जितने भी नबी ख़ित्तए अ़रब के अ़लावह आये वो हज़ूर पाक सल. के आने पर सब कल्अ़दम क़रार दिये गये। लेकिन ऊलुलअ़ज़्म मुर्सल के दीन का सिलसिला जारी रहा और आजतक जारी है। जिसमें आदम सफ़ीउल्लाह इब्राहीम ख़लीलुल्लाह, मूसा कलीमुल्लाह, ईसा रूहुल्लाह और मुहम्मद रसूलुल्लाह हैं और हर वली इनके नक़्शे क़दम पर है। क्योंकि इंसान के अंदर सीने के पाँचों लताइफ़ का तअ़ल्लुक़ पाँचों रसूलों से है इस वजह से इनकी नबूवत और फ़ैज़े रूहानी क़यामत तक रहेगा। यह जो कहते हैं कि बग़ैर कलमा पढ़े कोई जन्नत में नहीं जायेगा। इसका मक़सद किसी एक नबी का कलमा नहीं है। बल्कि किसी भी ऊलुलअ़ज़्म नबी के दीन और कलमा की तरफ़ इशारा है। तब ही हज़ूर पाक ने फ़रमाया भी था कि मैं उन ऊलुलअ़ज़्म मुर्सल की किताबों या दीन को झुटलाने के लिये नहीं आया बल्कि इस्लाह के लिये आया हूँ। यअ़नी किताबों में जो रद्दोबदल हो गया था।

आदम सफ़ीउल्लाह का सिलसिला अब भी जारी है जो लोग सिर्फ़ क़ल्बी ज़िक्र में हैं रब के नाम पर गिर्याज़ारी और आ़जिज़ी रखते हैं, तौबा करते और गुनाहों से बचने की कोशिश करते हैं यही इब्तिदाई दीन, इब्तिदाई नबूवत और इब्तिदाई इबादत थी। ग़ौस या हर वली का क़दम किसी नबी के क़दम पर होता है और इनका क़दम आदम सफ़ीउल्लाह के क़दम पर है। मुजद्दिद अल्फ़ सानी ने कहा था कि मेरा क़दम मूसवी है। जबकि क़लंदरों का एक सिलसिला ईस्वी है। शेख़ अब्दुलक़ादिर जीलानी मुहम्मदी मशरब से तअ़ल्लुक़ रखते हैं।

## सोच तो ज़रा तू किस आदम की औलाद में से है?

कुछ इल्हामी किताबों में लिखा है कि इस दुनिया में चौदह (14) हज़ार आदम आ चुके हैं। और किसी ने कहा है कि आदम सफ़ीउल्लाह चौदहवाँ और आख़िरी आदम हैं। इस दुनिया में वाक़ई बहुत से आदम हुए हैं। जब सफ़ीउल्लाह को मिट्टी से बनाया जा रहा था तो फ़रिशतों ने कहा था कि यह भी दुनिया में जाकर दंगा फ़साद करेगा। यअ़नी फ़रिशते पहले वाले आदमों के हालात से बाख़बर थे वरना उन्हें क्या ख़बर कि अल्लाह क्या बना रहा है और यह जाकर क्या करेगा? लौहे महफ़ूज़ में मुख़्तलिफ़ ज़बानें, मुख़्तलिफ़ कलमे, मुख़्तलिफ़ जन्त्र मन्त्र, मुख़्तलिफ़ अल्लाह के नाम, मुख़्तलिफ़ सूरतें हत्ताकि जादू का अमल भी दर्ज है जोकि हारूत मारूत दो फ़रिशतों ने लोगों को सिखाया था और बतौर सज़ा वह दोनों फ़रिश्ते मिस्र के एक शहर बाबुल के कुएँ में उलटे लटके हुए हैं।

हर आदम को कोई ज़बान सिखाई फिर इनकी क़ौम में नबियों को हिदायत के लिये भेजा। तब ही कहते हैं कि दुनिया में सवा लाख नबी आये, जबकि आदम सफ़ीउल्लाह को आये

हुए छः (6) हज़ार साल हुए हैं। अगर हर साल एक नबी आता तो छः हज़ार ही होते। कुछ अ़र्सा बाद इन अक्वाम को इनकी नाफ़र्मानी की वजह से तबाह किया। जैसा कि आसारे क़दीमह के शहरों का बाद में नमूदार होना और वहाँ की लिखी हुई ज़बानों को किसी का भी न समझना। और किसी क़ौम को पानी के ज़रिए ग़र्क़ किया। और इनमें से नूह तूफ़ान की तरह कुछ अफ़राद उन ख़ित्तों में बच भी गये। आख़िर में सफ़ीउल्लाह को उन सबसे बेहतर बनाकर अ़रब में भेजा गया और बड़े बड़े नबी भी इस आदम अलै. की औलाद से पैदा हुए। मुख़्तलिफ़ आदमों की मुख़्तलिफ़ ज़बानें उनकी बची हुई क़ौमों में रहीं, जब आख़िरी आदम आये तो उनको सुर्यानी ज़बान सिखाई गई। जब आप की औलाद ने दूर दराज़ की सैयाहत की तो पहले वाली क़ौमों से भी मुलाक़ात हुई, और किसी ने अच्छी जगह या सब्ज़ह देखकर उनके साथ ही बूदोबाश अख़्तियार कर ली। अ़रब में सुर्यानी ही बोली जाती थी। फिर यह अक्वाम के मेल जोल से अ़रबी, फ़ारसी, लातीनी, संस्कृति वग़ैरह से होती हुई अंग्रेज़ी से जा मिली। मुख़्तलिफ़ जज़ीरों में मुख़्तलिफ़ आदमों की औलाद मुक़ीम थी। इनमें से एक ख़ानाबदोश भी आदम था जिसकी औलाद आज भी मौजूद है और जिसके ज़रिए मुख़्तलिफ़ क़ौमें दर्याफ़्त हुईं। समुन्दर पार के जज़ीरों वाली क़ौमें एक दूसरे से बेख़बर थीं। इतने दूरदराज़ समुन्दरी सफ़र न तो घोड़ों से किया जा सकता था और न ही चप्पू वाली कश्तियाँ पहुंचा सकती थीं। कोलम्बस मशीनी समुन्दरी जहाज़ बनाने में कामयाब हुआ जिसके ज़रिए वह पहला शख़्स था जो अमरीका के ख़ित्ते को पहुंचा। किनारे पर लोगों को देखा जो सुर्ख़ थे उसने समझा और कहा शायद इण्डिया आ गया है और वह इण्डियन हैं। तब ही उस क़ौम को रेड इण्डियन Red Indian कहते हैं जो नार्थ डकोटा (North Dakota) की रियासत में अब भी मौजूद हैं।

रेड इण्डियन के एक क़बीले के सरदार से पूछा कि आपका आदम कौन है? उसने जवाब दिया कि हमारे मज़हब के मुताबिक़ हमारा आदम एशिया में है जिसकी बीवी का नाम हव्वा है लेकिन हमारी तारीख़ के मुताबिक़ हमारा आदम साउथ डकोटा South Dakota की एक पहाड़ी से आया था। उस पहाड़ी की निशानदेही अब भी मौजूद है। लोग कहते हैं कि अंग्रेज़ और अमरीकन ठंडे मौसम की वजह से गोरे हैं लेकिन ऐसा नहीं है। किसी काले आदम की नस्ल भी इन ख़ित्तों में क़दीमी मौजूद है वह आजतक गोरे न हो सके यही वजह है कि इंसानों के रंग, हुलिये, मिज़ाज, दिमाग़, ज़बानें, खुराक एक दूसरे से मुख़्तलिफ़ हैं। आदम सफ़ीउल्लाह की अवलाद का सिलसिला वस्त एशिया तक ही रहा। यही वजह है कि वस्त एशिया वालों के हुलिये एक दूसरे से मिलते हैं। कहते हैं कि आदम सफ़ीउल्लाह (शंकर जी) श्रीलंका में उतरे, फिर वहाँ से अ़रब पहुंचे और इसके बाद आप अ़रब में ही रहे और सर्ज़मीने अ़रब में ही आपकी क़ब्र मौजूद है तो फिर श्रीलंका में आपके उतरने और क़दमों की निशानदेही किसने की? जो अभी तक महफ़ूज़ है। इसका मक़सद आपसे पहले ही वहाँ कोई क़बीला आबाद था। जो क़ौमें ख़त्म कर दी गई हैं उनपर नबूवत और विलायत भी ख़त्म हो गयी और बाक़ीमान्दह लोग इन हस्तियों से महरूम होकर कुछ अ़र्सा बाद भटक गये। ज्यों-ज्यों ये ख़ित्ते दर्याफ़्त होते गये एशिया से वली पहुंचते गये और अपने अपने मज़ाहिब की तअ़लीम देते रहे और आज सब ख़ित्तों में एशियाई दीन फैल गया। ईसा यूरोशलम, मूसा बैतुलमुक़द्दस, हज़ूर पाक मक्का, जबकि नूह और इब्राहीम का तअ़ल्लुक़ भी अ़रब से ही था।

कुछ नस्लें अ़ज़ाबों से तबाह हुईं, कुछ की शक्लें रीछ, बंदरों की तरह हुईं। कुछ रहे सहे लोग ख़ौफ़ ज़दह होकर रब की तरफ़ मायल हुए। और कुछ रब को क़हहार समझकर उससे मुतनफ़्फ़र हो गये और उसके किसी भी क़िस्म के हुक्म की नाफ़र्मानी की और कहने लगे कि ''रब वग़ैरह कुछ भी नहीं, इंसान एक कीड़ा है, दोज़ख़ बहिश्त बनी बनाई बातें हैं''। मूसा के ज़माने में भी जो क़ौम बंदर बन गई थी उन्होंने यूरोप का रूख़ किया था। उस वक़्त की हामिलह

माओं ने बाद में बंदरिया होने की सूरत में भी जन्म इंसानी दिया था। वह क़ौम अब भी मौजूद है, वह ख़ुद कहते हैं कि हम बंदर की औलाद में से हैं। जो क़ौम रीछ की शक्ल में तब्दील हुई थी उन्होंने अफ़्रीका के जंगलों की तरफ़ रूख़ कर लिया था। उस वक़्त की हामिलह माओं के पेट में तो इंसानी बच्चे थे जिनके ज़रिए बाद में नस्ल चली (मम्म) कहते हैं। जिस्म पर लंबे-लंबे बाल होते हैं। मादा ज़्यादह होती हैं। इंसानों को उठाकर ले भी जाती हैं। इन पर मज़हब का रंग नहीं चढ़ता लेकिन आदमीयत की वजह से शर्मगाहों को पत्तों के ज़रिए छुपाया हुआ होता है।

किसी और आदम को किसी ग़लती की वजह से एक हज़ार साल की सज़ा मिली थी उसे सांप की शक्ल में तब्दील कर दिया गया था। अब उसकी बची हुई क़ौम जो एक ख़ास क़िस्म के सांप के रूप में है। जन्म के हज़ार साल बाद इंसान भी बन जाती है। इसे **रोहा** कहते हैं। तारीख़ में है कि एक दिन सिकन्दरे अअ़ज़म शिकार के लिये किसी जंगल से गुज़रा, देखा कि एक खूबसूरत औ़रत रो रही है। पूछने पर उसने बताया कि मैं चीन की शहज़ादी हूँ अपने शौहर के हमराह शिकार को निकले थे लेकिन शौहर को शेर खागया, मैं अब तनहा रह गई हूँ। सिकन्दर ने कहा : ''मेरे साथ आओ! मैं तुम्हें वापस चीन भेजवा दूँगा'', औ़रत ने कहा : ''शौहर तो मर गया, मैं अब वापस जाकर क्या मुंह दिखाऊंगी''। सिकन्दर इसे घर ले आया और इससे शादी कर ली। कुछ महीनों बाद सिकन्दर के पेट में दर्द शुरू हो गया। हर क़िस्म का इलाज कराया मगर कोई अफ़ाक़ह न हुआ। दर्द बढ़ता गया। हकीम आ़जिज़ आ गये। एक सपेरा भी सिकन्दर के इलाज के लिये आया। उसने सिकन्दर को अलहिदा बुलवाकर कहा : ''मैं आपका इलाज कर सकता हूँ , लेकिन मेरी कुछ शर्तें हैं, अगर चन्द ही दिनों में मेरे इलाज से शिफ़ा न हुई तो बेशक मुझे क़त्ल करा देना, आजकी रात खिचड़ी पकवाओ, नमक ज़रा ज़्यादह हो, दोनों मियाँ बीवी पेट भरकर खाओ, कमरे को अंदर से ताला लगाओ कि दोनों में से कोई बाहर न जा सके, तुमको सोना नहीं, लेकिन बीवी को ऐसा लगे कि तुम सो रहे हो, पानी का क़तरा भी अंदर मौजूद न हो''। सिकन्दर ने ऐसा ही किया। रात के किसी वक़्त बीवी को प्यास लगी, देखा पानी का बर्तन ख़ाली है, फिर दरवाज़ा खोलने की कोशिश की, देखा कि ताला है, फिर शौहर को देखा, महसूस हुआ कि बेख़बर सो रहा है, फिर सपनी बनके नाली के सुराख़ से बाहर निकल गई। पानी पीकर फिर सपनी की सूरत में दाख़िल होकर औ़रत बन गई। सिकन्दरे अअ़ज़म यह सारा माजरा देख रहा था। सुबह सपेरे को सबकुछ बताया, उसने कहा : ''तेरी बीवी नागिन है जो हज़ार साल बाद रूप बदलता है, उसका ज़हर पेट के दर्द का बाइस बना''। फिर उस औ़रत को सैर के बहाने समुन्दर में ले गये और जिस जगह फेंका वह निशान अब भी मौजूद है। इसे सद्दे सिकन्दरी कहते हैं। इनकी नस्ल भी इस दुनिया में मौजूद है। आ़म सांपों के कान नहीं होते लेकिन इस नस्ल वाले सांप के कान होते हैं। पता नहीं किस आदम का क़बीला चीन के पहाड़ों में बन्द है। उनके इस ख़ित्ते में दाख़िलह् को रोकने के लिये ज़ुलक़र्नैन ने पत्थरों की दीवार बना दी थी। इनके लंबे लंबे कान हैं, एक को बिछा लेते हैं और दूसरे को ओढ़ लेते हैं, इन्हें जूज माजूज कहते हैं। साइन्स ने काफ़ी ख़ित्ते तलाश कर लिये हैं लेकिन अभी भी काफ़ी ख़ित्ते दर्याफ़्त करने बाक़ी हैं। हिमालय के पीछे भी बर्फ़ानी इंसान मौजूद हैं। बहुत से इंसान जंगलों में भी मौजूद हैं उनकी ज़बान उनके अलावह कोई नहीं जानता। वह भी अपने आदम के तरीक़ह पर इबादत करते हैं और ज़ाब्तए हयात के लिये इनका भी सरदारी निज़ाम क़ायेम है। इन बर्रे अअ़ज़मों के अलावह और भी बड़ी ज़मीनें हैं। जैसा कि चांद, सूरज, मुश्तरी, मरीख़ वग़ैरह, वहाँ भी आदम आये लेकिन वहाँ क़यामतें आ चुकी हैं। कहीं आक्सीजन को रोक कर और कहीं ज़मीन को तहस नहस कर दिया गया।

*******

# मरीख़ में इंसानी ज़िन्दगी अभी भी मौजूद है जबकि सूरज में भी आतिशी मख़लूक़ आबाद है

कहते हैं एक ख़लाबाज़ जब चांद में उतरा। उसने ऊपर के सैयारों की तहक़ीक़ करना चाही तो उसे अज़ान की आवाज़ भी सुनाई दी जिससे वह मुतासिर होकर मुसलमान हो गया था। वह मरीख़ की दुनिया थी जहाँ हर मज़हब के लोग रहते हैं। हमारे साइंसदान अभी मरीख़ पर पहुंच नहीं पाये जबकि वह लोग कई बार इस दुनिया में आ चुके हैं। और बतौर तजुर्बा यहाँ के इंसानों को भी अपने साथ ले गये। उनकी साइंस और ईजादें हमसे बहुत आगे हैं। हमारे सैयारे या साइंसदान अगर वहाँ पहुंच भी गये तो उनकी गिरिफ़्त से आज़ाद नहीं हो सकते।

एक आदम को अल्लाह ने बहुत इल्म दिया था और इसकी औलाद इल्म के ज़रिए बैतुल्मामूर तक जा पहुंची थी। यअ़नी जो हुक्म अल्लाह फरिश्तों को देता, नीचे वह सुन लेते थे। एक दिन फरिश्तों ने कहा : 'ऐ अल्लाह यह क़ौम हमारे मुआमिले में मुदाख़िलत बन गई है। हम जब कोई काम करने दुनिया में जाते हैं तो यह पहले ही उसका तोड़ कर चुके होते हैं''। अल्लाह ने जिब्राईल से कहा : ''जाओ इनका इम्तिहान लो!''। एक बारह साल का बच्चा बकरियाँ चरा रहा था। जिब्राईल ने उससे पूछा : क्या तुम भी कोई इल्म रखते हो? उसने कहा : पूछो!। जिब्राईल ने कहा : बताओ इस वक़्त जिब्राईल किधर है? उसने आँखें बन्द कीं और कहा : आसमानों पर नहीं है। फिर किधर है? उसने कहा : ज़मीनों पर भी नहीं है। जिब्राईल ने कहा : फिर किधर है? उसने आँखें खोल दीं और कहा : मैंने चौदह तबक़ों में देखा, वह कहीं भी नहीं है, या मैं जिब्राईल हूँ या तू जिब्राईल है। फिर अल्लाह ने फरिश्तों को कहा : इस क़ौम को सैलाब़ के ज़रिए ग़र्क़ किया जाये। इन्होंने यह फ़र्मान सुन लिया। लोहे और शीशे के मकानात बनाना शुरू कर दिये, फिर ज़ल्ज़ले के ज़रिए उस क़ौम को ग़र्क़ किया गया। उस वक़्त उस ख़ित्ते को ''कालदा'' और अब ''यूनान'' बोलते हैं।

उन्होंने रूहानी इल्म के ज़रिए और अब हमारे साइंसदान, साइंसी इल्म के ज़रिए रब के कामों में मुदाख़िलत कर रहे हैं। इन्हें डराने के लिये छोटी मोटी तबाही और मुकम्मल तबाही के लिये एक सैयारे को ज़मीन की तरफ़ भेज दिया गया है। जिसका गिरना बीस पचीस 20-25 साल तक मुतवक़्क़ो है और वह दुनिया का आख़िरी दिन होगा। उसका एक टुकड़ा गुज़िश्तः दो बरसों में मुश्तरी पर गिर चुका है। साइंसदानों को भी इसका इल्म हो चुका है और यह उसके गिरने से पहले चांद पर या किसी और सैयारे पर रिहाइश पज़ीर होना चाहते हैं। जबकि चांद पर प्लाटों की बुकिंग भी हो चुकी है। यह जानते हुए भी कि चांद में इंसानी ज़िन्दगी के आसार यअ़नी हवा, पानी और सब्ज़ह नहीं है! फिर तगोदो का मक़सद क्या है? रहा सवाल तहक़ीक़ का! चांद, मुश्तरी पर पहुंच कर भी इंसानियत का क्या फ़ाइदह हुआ? क्या कोई ऐसी दवा या नुसख़ा दराज़िये उम्र या मौत की शिफ़ा का मिला? अगर मरीख़ की मख़लूक़ तक पहुंच भी गये तो वहाँ की आक्सीजन और यहाँ की आक्सीजन की वजह से एक-दूसरी जगह रहना मुहाल है बस बेकार दौलत ज़ायअ़ की जा रही है अगर वही दौलत रूस और अमरीका ग़रीबों पर ख़र्च कर दे तो सब खुशहाल हो जायें। आदमियत के फ़र्क़ की वजह से एक दूसरे को तबाह करने के लिये एटम बम भी बनाये जा रहे हैं जबकि बमों के बग़ैर भी दुनिया को तबाह ही होना है।

*******

## आसमान पर रूहें हद से ज़्यादह बन गई थीं :

मुक़र्रिब रूहें अगली सफ़ों में थीं। आ़म रूहों को इस दुनिया में बनाये हुए आदमों की क़ौमों में भेजा। जो कोई काली, कोई सफेद, कोई पीली और कोई लाल मिट्टी से बनाये गये थे। इन्हें जिब्राईल और हारूत मारूत के ज़रिए इ़ल्म सिखाया गया। जब ज़मीन पर मिट्टी से आदम बनाये जाते, ख़ब्बीस जिन्न भी मौक़ा पाकर उनके और उनकी औलाद के जिस्मों में दाख़िल हो जाते और उन्हें अपनी शैतानी गिरिफ़्त में लेने की कोशिश करते। फिर उनकी क़ौम के नबी, वली और उनकी सिखाई हुई तअ़लीमात छुटकारे का ज़रिअ़ह बनती बेशुमार आदम जोड़ों की शक्ल में बनाये गये जिनसे औलाद का सिल्सिला जारी हुआ। लेकिन कई बार सिर्फ़ अकेली औ़रत को बनाया गया और "अमरेकुन" से उसकी औलाद हुई। वह क़ौमें भी इस दुनिया में मौजूद हैं। इस क़बीले में सिर्फ़ औ़रतें ही सरदार होती हैं और वह मुअन्नस की औलाद होने की वजह से रब को भी मुअन्नस समझते हैं और खुद को फरिश्तों की औलाद तसव्वुर करते हैं, चूंकि उनके मुअन्नस आदम की शादी 'या मर्द के' बग़ैर ही बच्चे हुए थे। यही रस्म उनमें अब भी चली आ रही है। इन क़बीलों में पहले औ़रत के किसी से भी बच्चे हो जाते हैं और बाद में किसी से भी शादी हो जाता है और वह इसको मअ़यूब नहीं समझते। रूहों के इक़रार, क़िस्मत, और मरातिब की वजह से उन ही जैसे आदम बनाकर उन ही जैसी रूहों को नीचे भेजा गया। यही वजह है कि उनके लिये कोई ख़ास दीन तरतीब नहीं दिया गया। अगर इनमें नबी आये भी तो बहुत कम ने इनको तस्लीम किया, बल्कि नबियों की तअ़लीम का उलट किया, बजाये अल्लाह के चांद, सितारों, सूरज, दरख़्तों, आग हत्ताकि सांपों को भी पूजना शुरू कर दिया। आख़िर में आदम सफ़ीउल्लाह को जन्नत की मिट्टी से जन्नत में ही बनाया गया ताकि अ़ज़्मत और फ़ज़ीलत में सबसे बढ़ जाये और ख़बीसों से भी महफ़ूज़ रहे, क्योंकि जन्नत में ख़बीसों की रसाई न थी। अज़ाज़ील अपने इ़ल्म की वजह से पहचान गया था, जो इबादत की वजह से सब फरिश्तों का सरदार बन गया था और क़ौमे जिन्नात से था, आदम के जिस्म पर हसद से थूका था और थूक के ज़रिए ख़बीसों जैसा जरासीम उनके जिस्म में दाख़िल हुआ जिसे नफ़्स कहते हैं और वह भी आदम की औलाद के विर्से में आ गया। उसी के लिये हज़ूर ने फर्माया : "जब इंसान पैदा होता है तो एक शैतान जिन्न भी उसके साथ पैदा होता है"।

फरिश्तों और मलाइका में फ़र्क़ है। मलकूत में फरिश्ते होते हैं जिनकी तख़्लीक़ रूहों के साथ हुई। मलकूत से ऊपर जबरूत की मख़्लूक़ को मलाइका कहते हैं। जो रूहों के अमरेकुन से पहले के हैं रब की तरफ़ से आदम सफ़ीउल्लाह को सिज्दा का हुक्म हुआ। जबकि इससे पहले न ही कोई आदम बहिश्त में बनाया गया था और न ही किसी आदम को फरिश्तों ने सिज्दा किया था। अज़ाज़ील ने हुज्जत करी, सिज्दा से इनकारी हुआ तो उसपर लअ़नत पड़ी और उसने सफ़ीउल्लाह की औलाद से दुश्मनी शुरू कर दी। जबकि पहले आदमों की क़ौमें इसकी दुश्मनी से महफ़ूज़ थीं। उनके बहकाने के लिये ख़बीस जिन्न ही काफ़ी थे। चूंकि शैतान सब ख़बीसों से ज़्यादह पावरफुल था, उसने सफ़ीउल्लाह की औलाद को ऐसे क़ाबू किया और ऐसे जराइम सिखाये जिस की वजह से दूसरी क़ौमें इन एशियाइयों से मुतनफ़्फ़र होने लगीं और अ़ज़्मते आदम की ही वजह से जिन लोगों को रब की तरफ़ से हिदायत मिली इतने ख़ुदा रसीदह और अ़ज़्मत वाले हो गये कि दूसरी क़ौमें हैरत करने लगीं। सबसे बड़ी आस्मानी किताबें तौरेत,

ज़बूर, इंजील और कुरान इन्हीं पर नाज़िल हुईं जिनकी तअ़लीम, फ़ैज़ और बरकत से एशियाई दीन पूरी दुनिया की अक़वाम में फैल गया। आदम की अभी रूह भी डाली नहीं गई, फरिश्ते समझ गये थे कि इसको भी दुनिया के लिये बनाया जा रहा है। क्योंकि मिट्टी के इंसान ज़मीन पर ही होते हैं। फिर किसी बहाने ज़मीन पर भेज दिया गया। अज़ली काम अल्लाह की तरफ़ से होते हैं लेकिन इल्ज़ाम बन्दों पर लग जाता है। अगर आदम को बग़ैर इल्ज़ाम के दुनिया में भेजा जाता तो वह दुनिया में आकर शिकवा शिकायत ही करते रहते, तौबा ताइब और गिर्याज़ारी क्यों करते?

(1) रोज़े अज़ल वाली जहन्नमी रूह ग़ैर मज़हब के घर पैदा हो जायें। उसे काफ़िर और काज़िब कहते हैं। यही लोग मुन्किरे खुदा, दुश्मने अम्बिया और दुश्मने औलिया होते हैं। मुतकब्बिर, सख़्त दिल और मख़्लूक़े खुदा को आज़ार पहुंचा कर खुश होते हैं। दूसरा दर्जा मज़हब में आकर भी मज़हब से दूर होता है। यही रूह अगर किसी मज़हबी दीनदार घराने में पैदा हो जाये तो उसे मुनाफ़िक़ कहते हैं।

(2) यही लोग गुस्ताख़े अम्बिया, जलीसे अवलिया और मज़ाहिब में फ़ितना होते हैं। इनकी इबादत भी इब्लीस की तरह बेकार होती है। इन्हें मज़हब जन्नत में ले जाने की कोशिश करता है लेकिन मुक़द्दर दोज़ख़ की तरफ़ खींचता है। चूंकि नबियों, वलियों की इम्दाद से महरूम होते हैं इसलिये शैतान और नफ़्स के बहकावे में आ जाते हैं कि तू इतना इल्म जानता है और इतनी इबादत करता है तुझमें और नबियों में क्या फ़र्क़ है? फिर वह अपना बातिन देखे बग़ैर खुद को नबी जैसा समझना शुरू हो जाते हैं और वलियों को अपना मुहताज समझते हैं। फिर रूहानियत और करामतों के इक़रारी नहीं होते बल्कि उसी अ़मल के इक़रारी होते हैं जिनकी उनमें खुद की सलाहियत होती है, हत्ता कि मुअ़जज़ों को भी जादू कहकर झुटला देते हैं। इब्लीस की ताक़त को मान लेते हैं लेकिन अम्बिया व औलिया की ताक़त को मान लेना इनके लिये मुश्किल है।

(3) अज़ल वाली बहिश्ती रूह अगर ग़ैर मज़हब या गन्दे माहौल में आ जाये तो उसे मअ़ज़ूर कहते हैं। मअ़ज़ूर के लिये मुआफ़ी और बख़्शिश का इम्कान होता है यही रूहें सिराते मुस्तक़ीम की तलाश में, और दलदल से निकलने के लिये वलियों का सहारा ढूँढती हैं। नर्म दिल, आ़जिज़ और सख़ी होते हैं।

(4) अगर बहिश्ती रूह किसी आस्मानी मज़हब और दीनी घराने में पैदा हो जाये तो उसे सादिक़ और मोमिन कहते हैं। यही लोग इबादत व रियाज़त से अल्लाह का कुर्ब हासिल करके उसकी विरासत के हक़दार हो जाते हैं।

*******

# तसव्वुफ़ में अहमियत क़ल्ब को है

किसी ने ज़र्बों, किसी ने कबड्डी, किसी ने डान्स, किसी ने दीवारें बनाईं और ढाईं और किसी ने वर्ज़िश के ज़रिए दिल की धड़कन को उभारा फिर इसके साथ अल्लाह अल्लाह मिलाने में आसानी हो गई और बतद्रीज अल्लाह अल्लाह सब लताइफ़ तक ख़ुद ही पहुंच गया। और कुछ लोग गहराई में जाये बग़ैर इनकी नक़ल करने लगे। उन्होंने भी अल्लाह अल्लाह के साथ डान्स शुरू कर दिया। धड़कनों के साथ अल्लाह अल्लाह तो न समझ और न मिला सके अल्बत्तह उनकी रूहे हैवानी जिसका तअ़ल्लुक़ उछल कूद से है, अल्लाह के नाम से मानूस हो गई। इसी तरह मौसीक़ी के साथ अल्लाह अल्लाह मिलाने से रूहे नबाती भी मानूस और ताक़त्वर होती है। मौसीक़ी रूहे नबाती की ग़िज़ा है। अमरीका में कुछ फसलों पर मौसीक़ी के ज़रिए तजुर्बा किया गया। एक ही जैसी फ़सल एक ही जैसी ज़मीन पर उगाई गई। एक में दिन रात मौसीक़ी और दूसरी को ख़ामोश रखा गया। जबकि मौसीक़ी वाली फ़सल दूसरी से नशोनुमा में बहुत बेहतर हुई।

नफ़्स बहुत मोज़ी है। पाक होने के बाद भी बहानेख़ोर है। जबकि इसकी पसन्द साज़ो आवाज़ है। कुछ लोगों ने साज़ के ज़रिए नफ़्स को मुतवज्जह करके उसका रूख़ अल्लाह की तरफ़ मोड़ने की कोशिश करी। कुछ लोगों ने गिटार के साथ अल्लाह अल्लाह मिलाया और न सही कम अज़ कम कान की इबादत तक पहुंच गये। मुझे एक गिटार वाले ने क़िस्सा सुनाया था कि मैं शौक़िया फ़ारिग़ वक़्त गिटार की तार के साथ अल्लाह अल्लाह मिलाता रहता हूँ कभी कभी जब नींद से बेदार होता हूँ तो मेरे अन्दर से उसी तरह अल्लाह अल्लाह की आवाज़ आ रही होती है। ऐसे लोग दूसरे अश्ग़ाल यअ़नी गाने बजाने वालों और तमाशाइयों से बेहतर हो गये। लेकिन किसी विलायत के मर्तबह तक न पहुंच सके। यह लगन, तड़प और तलाश वाले लोग होते हैं और किसी कामिल के ज़रिए किसी मन्ज़िल तक पहुंच जाते हैं। इस्लाम में भी और दूसरे मज़ाहिब के सूफ़ियों ने भी किसी न किसी तरीक़ह से रब के नाम को अपने अन्दर जज़्ब करने की कोशिश की। जो फ़ेअ़ल रब की तरफ़ मोड़े और उसके इश्क़ में इज़ाफह करे वह नाजाइज़ नहीं हैं।

हदीस :- ''अल्लाह अ़मलों को नहीं बल्कि नियतों को देखता है''।

शरीअ़त वाले इसको मअ़यूब और ग़लत समझते हैं क्योंकि वह शरीअ़त से ही मुत्मइन और सैराब हो जाते हैं। लेकिन वह लोग जो शरीअ़त से आगे इश्क़ की तरफ़ बढ़ना चाहते हैं, या वह लोग जो शरीअ़त में नहीं हैं इन्हें कुछ और मुतबादल करने से क्यों रोका जाता है?

*******

## दीने इलाही

तमाम दीन इस दुनिया में नबियों के ज़रिए बनाये गये। जबकि इससे पहले खुद इश्क़, खुद आशिक़, खुद माशूक़ था। और वह रूहें जो उसके कुर्ब, जलवे और मुहब्बत में थीं वही इश्क़े इलाही, दीने इलाही और दीने हनीफ़ था। फिर उन ही रूहों ने दुनिया में आकर उसको पाने के लिये अपना तन मन कुर्बान कर दिया। यह पहले ख़ास तक था, अब रूहानियत के ज़रिए आ़म तक भी पहुंच गया।

हदीस :- *हज़रत अबू हुरैरह* : मुझे हज़ूर पाक से दो इल्म हासिल हुए एक तुम्हें बता दिया, दूसरा बताऊँ तो तुम मुझे क़त्ल कर दो!

जब पानी के हौज़ से खुश्क किताबें निकलीं तो मौलाना रोम ने कहा : ईं चीस्त?

शाह शम्स ने कहा : ''ईं आँ इल्म अस्त कि तू नमी दानी''।

जब मूसा ने कहा कि क्या कुछ और इल्म भी है?

तो अल्लाह ने कहा कि ख़िज़र के पास चला जा!

हर नमाज़ी की दुआ़ :

''ऐ अल्लाह मुझे उन लोगों का सीधा रास्ता दिखा जिनपर तेरा इन्आ़म हुआ!

*अल्लामा इक़्बाल रह.* : इसको क्या जाने बेचारे दो रकअ़त के इमाम!

वह रूहें जो अज़ल से ही बामरतबा हैं। अल्लाह जिनसे मुहब्बत करता है और जो अल्लाह से मुहब्बत करती हैं। दुनिया में आकर भी रब की नाम लेवा हुईं, मस्लन ईसा अलैह. ज़चगी में ही बोल उठे थे कि मैं नबी हूँ जबकि हज़रत मरियम को पैदाइश से पहले ही जिब्राईल बशारत दे चुका था। मूसा के मुतअ़ल्लिक़ फ़िर्औन को पेशनगोई थी कि फ़लाँ क़बीले से एक बच्चा पैदा होगा जो तुम्हारी तबाही का सबब बनेगा और अल्लाह का ख़ास बन्दा होगा। हज़ूर पाक ने भी कहा था : ''मैं दुनिया में आने से पहले भी नबी था''। बहुत सी मुहिब्ब और अज़ली अर्वाह मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब और मुख़्तलिफ़ अज्साम में मौजूद हैं।

आख़िरी ज़मानह में अल्लाह तआ़ला किसी एक रूह को दुनिया में भेजेगा जो इन रूहों को तलाश करके इकट्ठा करेगा और इन्हें याद दिलायेगा कि कभी तुमने भी अल्लाह से मुहब्बत करी थी। ऐसी तमाम रूहें ख़्वाह किसी भी मज़हब या बेमज़हब अज्साम में थीं उसकी आवाज़ पर लब्बैक कहेंगी और उसके गिर्द इकट्ठी हो जायेंगी। वह रब का एक ख़ास नाम इन रूहों को अ़ता करेगा जो क़ल्ब से होता हुआ रूह तक जा पहुंचेगा और फिर रूह उस नाम की ज़ाकिर बन जायेंगी। वह नाम रूह को एक नया वल्वला, नई ताक़त और नई मुहब्बत बख़्शेगा। उसके नूर से रूह का तअ़ल्लुक़ दोबारा अल्लाह से जुड़ जायेगा।

ज़िक्रे क़ल्ब, ज़िक्रे रूह का वसीला है। जैसा कि बन्दगी यअ़नी नमाज़, रोज़ा ज़िक्रे क़ल्ब का वसीला है। अगर किसी की रूह अल्लाह के ज़िक्र में लग गई तो वह उन लोगों से है जिन्हें तराज़ू , यौमे महशर का भी ख़ौफ़ नहीं। रूह के आगे के ज़िक्र और इबादत उसके बुलन्द मरातिब के शवाहिद हैं। जिन लोगों की मंज़िल क़ल्ब से रूह की तरफ़ रवाँ दवाँ है वही दीने इलाही में पहुंच चुके या पहुंचने वाले हैं। इनको किताबों से नहीं बल्कि नूर से हिदायत है और नूर से ही बाज़ए गुनाह हो जाते हैं और जो सुनकर या मेहनत से भी इस मुक़ाम से महरूम हैं वह इस सिल्सिले में शामिल नहीं हैं अगर ज़िक्र क़ल्बो रूह के बग़ैर खुद को इस सिल्सिले में मुतसव्वुर किया या उनकी नक़ल की तो वह ज़िन्दीक़ हैं। जबकि आ़म लोगों की बख़्शिश का ज़रिअ़ह इबादात और मज़हब हैं। हिदायत का ज़रिअ़ह आसमानी कुतुब हैं। शिफ़ाअ़त का ज़रिअ़ह नबूवत और विलायत है। बहुत से मुस्लिम वलियों की शिफ़ाअ़त को नहीं मानते। लेकिन हज़ूर सल० ने अस्हाबह को ताकीद करी थी कि अवैस क़रनी रज़ि. से उम्मत के लिये बख़्शिश की दुआ कराना।

# रूहों का दीन

## इश्के इलाही व दीने इलाही वालों की पहचान

जिसमें सब दरिया ज़म हो जायें वह समुन्दर कहलाता है! और जिसमें सब दीन ज़म होकर एक हो जायें वही इश्क़े इलाही और दीने इलाही है।

जित्थे चार मज़हब आ मिलदे हू। (सुल्तान साहेब)

**इब्तिदाई पहचान :**

जब क़ल्ब व रूह का ज़िक्र जारी हो जाये, चाहे इबादत से हो या किसी कामिल की नज़र से हो दोनों हालतों में वह अज़ली है। गुनाहों से नफ़रत होना शुरू हो जाये अगर गुनाह सर्ज़द हो भी जाये तो उसपर मलामत हो और उससे बचने की तर्कीबें सोचे।

''मुझे वह लोग भी पसन्द हैं जो गुनाहों
से बचने की तर्कीबें सोचते हैं।'' (फ़र्माने इलाही)

दुनिया की मुहब्बत दिल से निकलना और अल्लाह की मुहब्बत का ग़ल्बह शुरू हो जाये। हिर्स, हसद, बुख़्ल और तकब्बुर से छुटकारा महसूस हो। ज़बान किसी की ग़ीबत से बाज़ आ जाये। आ़जिज़ी महसूस हो। कन्जूसी की जगह सख़ावत और झूठ जाता नज़र आये। हराम ख़्वाहिशाते नफ़्सानी हलाल में तब्दील हो जायें। हराम माल, हराम खाने और हराम कामों से नफ़रत पैदा हो।

**इन्तिहाई पहचान :**

चरस, अफ़ीम, हिरोइन, तम्बाकू और शराब वग़ैरह से मुकम्मल छुटकारा हो जाये। मुक़द्दस हस्तियों से ख़्वाब, मुराक़बे या मुकाशफ़ा के ज़रिए मुलाक़ाती हो जाये। नफ़्स अम्मारा से मुतमइन्ना बन जाये। लतीफ़ए अन्ना रब के रूबरू, अल्लाह और बन्दे के दरमियान सब हिजाबात उठ जायें। बाज़े गुनाह, इश्क़े ख़ुदा, वस्ले ख़ुदा, बन्दह से बन्दह नवाज़, और ग़रीब से ग़रीब नवाज़ बन जाये।

क्योंकि इस सिल्सिले में मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब से आकर ख़ास रूहें शामिल होंगी जिन्होंने रोज़े अज़ल में रब की गवाही में कलमा पढ़ लिया था। इसलिये किसी भी मज़हब की क़ैद नहीं होगी। हर शख़्स अपने मज़हब की इबादत कर सकेगा लेकिन क़ल्बी ज़िक्र सब का एक होगा यअ़्नी मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब के बावजूद दिलों से सब एक हो जायेंगे। फिर जब दिलों में अल्लाह आया तो सब अल्लाह वाले हो जायेंगे। इसके बाद रब की मर्ज़ी है इन्हें अपने तईं रखे या किसी भी मज़हब में हिदायत के लिये भेज दे यअ़्नी कोई मुफ़ीद होगा, कोई मुन्फ़रिद कोई सिपाही होगा और कोई सालार होगा। इनकी इम्दाद और साथ देने वाले गुनाहगार भी किसी न किसी मरतबे में पहुंच जायेंगे। जो लोग इस टोले में शामिल न हो सके उनमें से अक्सर शैतान (दज्जाल) के साथ मिल जायेंगे। ख़्वाह वह मुस्लिम हों या ग़ैर मुस्लिम हों। आख़िर में इन दोनों टोलों की ज़बर्दस्त जंग होगी। ईसा, मेहदी, कालकी अवतार वाले मिलकर इन्हें शिकस्त देंगे। बहुत से दज्जालिये क़त्ल कर दिये जायेंगे। जो बचेंगे वह ख़ौफ़ और मजबूरी की वजह से ख़ामूश रहेंगे। मेहदी और ईसा का लोगों के कुलूब पर तसल्लुत हो जायेगा। पूरी दुनिया में अमन क़ायेम हो जायेगा। जुदा जुदा मज़हब ख़त्म होकर एक ही मज़हब में तब्दील हो जायेंगे। वह मज़हब रब का पसन्दीदह, तमाम नबियों के मज़ाहिब और किताबों का निचोड़, तमाम इंसानियत के लिये क़ाबिले कुबूल, तमाम इबादात से अफ़ज़ल हत्ताकि अललाह की मुहब्बत से भी अफ़ज़ल, इश्क़े इलाही होगा।

जित्थे इश्क़ पहुंचावे ईमान नूँ वी ख़बर नहीं........(बाहू)

अल्लामा इक़बाल ने इसी वक़्त के लिये नक़्शा खींचा था :

दुनिया को है उस मेहदीए बरहक़ की ज़रूरत
हो जिसकी नज़र ज़ल्ज़लाए आलमए अफ़कार

खुले जाते हैं इसरारे निहानी, गया दौरे हदीसे लन्तरानी
हुई जिसकी खुदी पहले नमूदार, वही मेहदी वही आख़िर ज़मानी

खोलकर आँख मेरी आईनए इदराक में,
आने वाले दौर की धुंदली सी एक तस्वीर देख
लौलाक लमा देख ज़मीं देख फ़िज़ा देख,
मशरिक़ से उभरते हुए सूरज को ज़रा देख

गुज़र गया अब वह दौर साक़ी कि छुपके पीते थे पीने वाले
बनेगा सारा जहाँ मयख़ाना हर एक ही बादह ख़्वार होगा
ज़माना आया है बे हिजाबी का आ़म दीदारे यार होगा
सकूत था पर्दहदार जिसका वह राज़ अब आशकार होगा

निकल के सहरा से जिसने रोमा की सल्तनत को पलट दिया था
सुना है कुदसियों से मैंने वह शेर फिर होशियार होगा

तमाम आसमानी किताबें और सहीफ़े अल्लाह का दीन नहीं हैं। इन किताबों में नमाज़ रोज़ा और दाढ़ियाँ हैं जबकि अल्लाह इसका पाबन्द नहीं है। यह दीन नबियों की उम्मतों को मुनव्वर और पाक साफ़ करने के लिये बनाये गये। जबकि अल्लाह खुद पाकीज़ह नूर है और जब कोई इन्सान वस्ल के बाद नूर बन जाता है तो फिर वह भी अल्लाह के दीन में चला जाता है। अल्लाह का दीन प्यार व मोहब्बत है। निन्नियानवे (99) नामों का तर्जुमा है। अपने दोस्तों का ज़िक्र करने वाला है खुद इश्क़, खुद आशिक़, खुदं माशूक़ है। अगर किसी बन्दए खुदा को भी उसकी तरफ़ से इनमें से कुछ हिस्सा अ़ता हो जाये तो वह दीने इलाही में पहुंच जाता है। फिर उसकी नमाज़ दीदारे इलाही और उसका शौक़ ज़िक्रे खुदा है हत्ताकि उसकी ज़िन्दगी की तमाम सुन्नतों, फ़रज़ों का कफ़्फ़ारा भी दीदारे इलाही है। जिन्न, फ़रिश्ते और इंसानों की मुश्तर्कह इबादत भी उसके दर्जे तक नहीं पहुंच सकती।

ऐसे ही शख़्स के लिये शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी ने फ़र्माया है कि : ''जिसने विसाल पर पहुंच कर भी इबादत की या इरादह किया तो उसने कुफ़राने निअ़मत किया''।

*बुल्हे शाह ने फ़र्माया :* ''असाँ इश्क़ नमाज़ जदों नियती ए...भुल गए मंदिर मसीती ए''।

*अल्लामा इक़बाल ने कहा :* ''इसको क्या जाने बेचारे दो रकअ़त के इमाम!''

इस इ़ल्म के मुतअ़ल्लिक़ अबू हुरैरह ने फ़र्माया था : ''कि मुझे हज़ूर सल. से दो इ़ल्म अ़ता हुए, एक तुम्हें बता दिया, अगर दूसरा बताऊँ तो तुम मुझे क़त्ल कर दो''। तारीख़ गवाह है कि जिन्होंने भी इस इ़ल्म को खोला, शाह मन्सूर और सरमद की तरह क़त्ल कर दिये गये और आज **गौहर शाही** भी इस इ़ल्म की वजह से क़त्ल के दहाने पर खड़ा है।

नबियों की शरीअ़त की पाबंदी उम्मत के लिये होती है वरना उन्हें किसी इबादत की ज़रूरत नहीं होती, वह शरीअ़त से पहले ही बल्कि रोज़े अज़ल से ही नबी होते हैं, चूंकि इन्होंने दीन को नमूने के तौर पर मुकम्मल करना होता है इनके किसी एक रूकुन के छोड़ने या फ़ेअ़ल को भी उम्मत सुन्नत बना लेती है इस वजह से इन्हें मुहतात और सहू में रहना पड़ता है। क्या कोई शख़्स यह कह सकता है कि कोई भी नबी अगर किसी भी इबादत में नहीं है तो क्या वह

दोज़ख में जा सकता है? हरगिज़ नहीं! क्या कोई शख़्स कह सकता है कि इबादत के बग़ैर नबी नहीं बन सकता? क्या कोई यह भी कह सकता है कि इल्म सीखे बग़ैर नबूवत नहीं मिलती? फिर वलियों पर एअ़्तराज़ात क्यों होते हैं? जबकि विलायत नबूवत का नेअ़्मुल्बदल है। याद रखें जिन्होंने दीदारे रब के बग़ैर विसाल का दावा किया या खुद को इस मुक़ाम पर तसव्वुर करके नक़ल की, वह ज़िन्दीक़ और काज़िब हैं। और कुरान ने ऐसे ही झूठों पर लअ़्नत भेजी है जिनकी वजह से हज़ारों का वक़्त और ईमान बर्बाद होता है।

यह किताब हर मज़हब हर फ़िर्क़े और हर आदमी के लिये क़ाबिले ग़ौर और क़ाबिले तहक़ीक़ है और मुन्किराने रूहानियत के लिये चैलेन्ज है।

*******

## फर्मूदाते गौहर शाही

''तीन हिस्से इल्म ज़ाहिर के हैं, और एक हिस्सा इल्म बातिन का है। ज़ाहिरी इल्म हासिल करने के लिए किसी मूसा और बातिनी इल्म के लिए किसी ख़िज़्र को तलाश करना पड़ता है।''

..................

''जिब्राईल के बग़ैर जो आवाज़ आई, उसे इल्हाम और जो इल्म आया उसे सहीफ़े और हदीस कुदसी कहते हैं। और जिब्राईल के साथ जो इल्म आया उसे कुरान कहते हैं ख़्वाह वह ज़ाहिरी इल्म हो या बातिनी इल्म हो! उसे तौरेत कहें, ज़बूर कहें या इंजील कहें।''

..................

''उ़लमा से अगर कोई ग़लती हो जाये तो उसे सियासत कहकर छुटकारा हासिल कर लेते हैं, औलिया से कोई ग़लती हो जाये, उसे हिकमत समझ कर नज़र अंदाज़ कर देते हैं। जबकि नबियों पर ग़लती का दफ़ा नहीं लगता।''

..................

''जो जिस शुग्ल में हैं, अंदर से उनकी मुतअ़ल्लुक़ा रूहें ताक़तवर हैं और जो किसी भी शुग्ल में नहीं हैं, उनकी रूहें ख़िफ़्तह और बेहिस हैं, और जिन्होंने किसी भी तरीक़े से अल्लाह का नाम इन रूहों में बसा लिया फिर उनका शुग्ल हमह वक़्त ज़िक्र सुल्तानी और इश्क़े खुदावन्दी है।''

..................

तबही *अ़ल्लामा इक़बाल* ने कहा : ''अगर हो इश्क़ तो कुफ़्र भी है मुसल्मानी''
*सच्चल सांईं ने कहा* : ''बिन इश्क़ दिलबर के सच्चल, क्या कुफ़्र है क्या इस्लाम है''
*सुल्तान बाहू ने कहा* : ''जित्थे इश्क़ पहुंचावे, ईमान नूं वी ख़बर न काई''

ऐसे लोग जब किसी मज़हब में होते हैं या जाते हैं तो उनकी बरकत से उस ख़ित्ते पर अल्लाह की باराने रहमत बरसना शुरू हो जाती है। फिर वह बाबा फ़रीद हों तो हिंदू , सिख भी उनकी चौखट पर! अगर बाबा गुरू नानक हों तो मुस्लिम, ईसाई भी उनके दर पर चले आते हैं।''

## इमाम मेहदी तमाम मज़ाहिब की तजदीद करेंगे

जिस तरह हज़ूर पाक सल. की ख़तमे नबूवत के बाद मुस्लिम में मुजद्दिद आते रहे और माहौल के मुताबिक़ दीन में कुछ तजदीद करते रहे इसी तरह इमाम मेहदी अलैहिस्सलाम के आने के बाद उन (मुजद्दिदुओं) की तजदीद ख़तम हो जायेगी और सब मज़ाहिब के मुताबिक़ इमाम मेहदी की अपनी तजदीद होगी। कुछ किताबों में है वह एक नया दीन बनायेंगे।

*******

# फर्मूदाते गौहर शाही

''अगर कोई सारी उम्र इबादत करता रहे, लेकिन आख़िर में इमाम मेहदी और हज़रत ईसा की मुख़ालिफ़त कर बैठा जिनको दुनिया में दोबारा आना है (ईसा का जिस्म समेत और मेहदी का अरज़ी अरवाह के ज़रिये आना है) तो वह बिलिअ़म बाऊ़र की तरह दोज़ख़ी और इब्लीस की तरह मर्दूद है। अगर कोई सारी उम्र कुत्तों जैसी ज़िन्दगी बसर करता रहा लेकिन आख़िर में उनका साथ और उनसे मुहब्बत कर बैठा तो वह कुत्ते से हज़रत क़तमीर बनकर जन्नत में जायेगा।''

''कुछ फ़िर्क़े और मज़ाहिब कहते हैं कि ईसा फ़ौत हो गये। अफ़ग़ानिस्तान में उनका मज़ार है। यह ग़लत प्रोपेगंडा है। अफ़ग़ानिस्तान में किसी और ईसा नामी बुज़ुर्ग का दरबार है। उस पयादह ज़माने में महीनों की मुसाफ़त पर जाकर दफ़नाना क्या मक़सद रखता था?'' फिर वह कहते हैं : ''आसमान पर कैसे उठाये गये?'' हम कहते हैं आदम अलैह. आसमान से कैसे लाये गये? जबकि इदरीस अलैह. भी ज़ाहिरी जिस्म से बहिश्त में अबतक मौजूद हैं। ख़िज़र अलैह. और इलियास जो दुनिया में हैं उनको भी अभी तक मौत नहीं आई। ग़ौस पाक के पोते हयातुल अमीर छः सौ (600) साल से ज़िन्दा हैं। ग़ौस पाक ने कहा था : ''उस वक़्त तक नहीं मरना जबतक मेरा सलाम मेहदी अलैहिस्सलाम को न पहुंचा दो।'' शाह लतीफ़ को बरी इमाम का लक़ब उन्होंने ही दिया था। मरी की तरफ़ बारह कोह में उनकी बैठक के निशान अभी तक महफ़ूज़ हैं।''

''ज़हिरी गुनाह की सज़ा जेल, जुर्माना या एक दिन की फ़ांसी है। अगर कोई राहे फ़क्र में है तो उसकी सज़ा मलामत है। जबकि बातिनी गुनाहों की सज़ा बहुत ज़्यादह है। ग़ीबत करने वाले की नेकियों से जुर्माना फ़रीक़े दोयेम की नेकियों में शामिल किया जाता है। हिर्स, हसद, बुख़्ल और तकब्बुर उसकी लिखी हुई नेकियों को मिटा देते हैं। अगर उसमें कुछ नूर है तो अंबिया व औलिया की गुस्ताख़ी और बुग्ज़ से छिन जाता है। जैसा कि शेख़ सनआ़न का शेख़ अ़ब्दुल क़ादिर जीलानी की गुस्ताख़ी से कशफ़ो करामात का सलब हो जाना।''

....................

वाक़िअ़ह है कि जब बायज़ीद बस्तामी को पता चला कि एक शख़्स उनकी बुराई करता

है तो आपने उसका वज़ीफ़ा मुक़र्रर कर दिया। वह वज़ीफ़ा भी लेता रहा और बुराई भी करता रहा। एक दिन उसकी बीवी ने कहा : ''नमक हरामी छोड़ या वज़ीफ़ा छोड़ या बुराई छोड़।'' फिर उसने तअ़रीफ़ करना शुरू कर दी। आपको जब तअ़रीफ़ का पता चला तो उसका वज़ीफ़ा बन्द कर दिया। फिर वह आपकी ख़िदमत में हाज़िर हुआ कि जब बुराई करता था, वज़ीफ़ा मिलता था, अब तअ़रीफ़ की वजह से वज़ीफ़ा क्यों बन्द हुआ? आपने फ़रमाया : ''तू उस वक़्त मेरा मज़दूर था, तेरी बुराई से मेरे गुनाह जलते, मैं उसका तुझे मुआ़विज़ा देता था। अब किस चीज़ का मुआ़विज़ा दूं?'' मुन्दर्जा बुराईयों का तअ़ल्लुक़ नफ़्स अम्मारह से है, जिसका इम्दादी इब्लीस है। जबकि तक़वा, सख़ावत, दरगुज़र, सब्रो शुक्र, आ़जिज़ी और अनवारे इलाही का तअ़ल्लुक़ क़ल्बे शहीद से है, जिसका इम्दादी वली मुर्शिद है।

..................

जबतक नफ़्स अम्मारह है किसी भी पाक कलाम के अनवार दिल में ठहर नहीं सकते बेशक इल्फ़ाज़ो आयात का हाफ़िज़ क्यों न बन जाये, तोता ही है। जब तेरा नफ़्स मुत्मइन्ना हो जायेगा फिर नापाक चीज़ तेरे अंदर ठहर नहीं सकती, फिर तू मुर्ग़े बिस्मिल है। नफ़्स पाक करने के लिए किसी नफ़्स शिकन को तलाश कर। जो हर वक़्त मिनजानिबे अल्लाह डियुव्टी पर मामूर होते हैं। जिस्म के बाहर की तहारत पानी से होती है जबकि जिस्म के अंदर की तहारत नूर से होती है। तहारत के बग़ैर गन्दा और नापाक है। साफ़ जिस्म इबादते इलाही के क़ाबिल होता है, जबकि साफ़ दिल तजल्लियाते इलाही के क़ाबिल होता है। फिर ही आसमानी किताबें हिदायत करती हैं पाकों को (हुदल्लिल मुत्तक़ीन)। वरना किताबों वाले ही किताबों वालों के दुशमन बन जाते हैं। *मुजद्दिद अल्फ़ सानी* मकतूबात में लिखते हैं : ''कुरान उन लोगों के पढ़ने के लाइक़ नहीं जिनके नफ़्स अम्मारह हैं। मुब्तदी को चाहिए कि पहले ज़िक्रे अल्लाह करे यअ़नी अंदर को पाक करे, मुन्तही को चाहिए कि फिर कुरान पढ़े।''

हदीस : कुछ लोग कुरान पढ़ते हैं और कुरान उनपर लअ़नत करता है।
बुल्हे शाह : खाके सारा मुकर गये जिन्हाँ दे बग़ल विच कुरान।

आ़बिद को गुमान है कि वह अल्लाह के लिए इबादत और शब बेदारी कर रहा है। इस लिए वह अल्लाह के नज़दीक है। इबादत के बाद तेरी दुआ़, सेहत, उम्र दराज़ी, मालोदौलत और हूरोक़सूर है। सोच! क्या तूने कभी भी यह दुआ़ मांगी थी, ऐ अल्लाह मुझे कुछ नहीं चाहिए सिर्फ़ तू चाहिए?

..................

आ़लिम को गुमान है कि मैं कुर्बे खुदावन्दी में बख़्शा बख़्शाया हुआ हूँ। क्योंकि मेरे अंदर इल्म और कुरान है फिर तू दूसरों को जहन्नमी क्यों कहता है जबकि हर मुस्लिम को भी कुछ न कुछ इल्म और कुरान की बहुत सी सूरतें याद हैं। सोच! इल्म कौन बेचता है? खुद कौन बिकता है? वलियों की ग़ीबत कौन करता है? हासिद, मुतकब्बिर और बख़ील कौन होता है? दिल में और ज़ुबान में और, सुबह और, शाम को और, यह किसका वतीरा है? सच को झूट और झूट को सच बनाकर कौन पेश करता है? अगर तू इन से दूर है तो ख़लीफ़ए रसूल है! तेरी तरफ पुश्त करना भी बेअदबी है।

यअ़नी...... क़ारी नज़र आता है, हक़ीक़त में है कुरान

अगर तू इन ख़स्लतों में गुम है तो फिर तू वही है जिसके लिए भेड़िये ने कहा था कि अगर मैंने यूसुफ़ को खाया हो तो अल्लाह मुझे चौदहवीं सदी के आ़लिमों से उठाये।

*******

# सिराते मुस्तक़ीम

1– जिनके ज़ाहिर दुरूस्त, बातिन स्याह हैं, मज़हब में फ़ितना हैं, इब्लीस के ख़लीफा हैं।

हदीस : जाहिल आ़लिम से डरो और बचो,
जिसकी ज़ुबान आ़लिम और दिल जाहिल यअ़नी स्याह हो।

2– बातिन दुरूस्त लेकिन ज़ाहिर ख़राब। इनको मजज़ूब, मअ़ज़ूर, सुकर और मुन्फ़रिद कहते हैं।

इश्क़ में अ़क्ल ही न रही तो हिसाबे हश्र क्या? (तर्याके क़ल्ब)

मज़हब के लिए परेशानी, लेकिन अल्लाह के क़ुर्ब में होते हैं। मगर मज़ीद मर्तबा हासिल नहीं कर सकते बामर्तबा तस्दीक़ नक़्क़ालिये ज़िन्दीक़। इन्होंने सदर ऐयूब, बेनज़ीर और नवाज़ शरीफ़ जैसों को उनके दौरे हुकूमत में डन्डे मारे और गालियाँ दीं। तुम किसी साहिबे इक़्तिदार को डन्डे मार कर दिखाओ, यअ़नी यह सिर्फ़ उनकी ज़ात तक महदूद है दूसरों के लिए नहीं है।

3– ज़ाहिर दुरूस्त बातिन भी दुरूस्त। ज़ाहिरी इबादत के इलावह क़ल्बी इबादत में भी होते हैं। इनको आ़लिम रब्बानी कहते हैं। यही मिम्बरे रसूल और दीन के वारिस होते हैं और जब किसी का ज़ाहिरो बातिन एक हो जाता है तो उसे नाइबे अल्लाह कहते हैं। अगर ख़्वाब में या रूहानी तौर पर हज करता है तो ज़ाहिर में भी उसका दर्जा मिलता है। बल्कि ज़ाहिरी हज से बहुत ही ज़्यादह। रूहों की नमाज़ ज़ाहिरी नमाज़ की हैसियत रखती है, बल्कि कहीं ज़्यादह। अगर ज़ाहिर में नमाज़ पढ़ता है तो बातिन में भी उसकी नमाज़ मेअ़राज बन जाती है, यही लोग हैं, जिस्म इधर, रूह उधर, फ़क्र के मुहकमे में इनको मुआ़रिफ़ भी कहते हैं। जबकि आ़शिक़ के लिए रब का दीदार ही काफ़ी है।

कुछ लोग कहते हैं दीदार हो ही नहीं सकता लेकिन यह दीदार वाला इल्म हुज़ूर सल. से शुरू हो चुका है। बक़ौल इमाम अबू हनीफ़ा : ''मैंने निनानवे(99) मर्तबा रब को देखा है।'' बायज़ीद बुस्तामी कहते हैं : ''मैंने सत्तर(70) मर्तबा रब का दीदार किया है।'' दीदार लतीफ़ए अन्ना से होता है, और तुम अन्ना की तअ़लीम और ज़िक्र से अनजान हो।

# अल्लाह का दोस्त

अगर किसी को ख़ल्के़ खुदा कशफ़ो करामात और फ़ैज़ की वजह से वली मानती है लेकिन उसके किसी फ़ेल या मज़हब की वजह से तू दिल बर्दाश्तह है। उसकी बुराई करने से बेहतर है तू उधर जाना छोड़ दे। क्या ख़बर! वह कोई मन्ज़ूरे खुदा हो! शेख़ बक़ा हो! या कोई लाल शहबाज़ हो! कोई ख़िज़र हो! या साहे बाबा हो! या गुरू नानक हो! कोई बुल्हे शाह हो, और कोई सदा सुहागन भी हो सकता है!

# गौहर शाही का आलमे इंसानियत के लिए इन्कलाबी पैग़ाम

मुस्लिम कहता है कि : ''मैं सबसे अअ़ला हूँ'', जबकि यहूदी कहता है : ''मेरा मुक़ाम मुस्लिम से भी ऊंचा है'', और ईसाई कहता है : ''मैं इन दोनों से बल्कि सब मज़ाहिब वालों से बुलन्द हूं क्योंकि मैं अल्लाह के बेटे की उम्मत हूं।'' लेकिन गौहर शाही कहता है : ''सबसे बेहतर और बुलन्द वही है जिसके दिल में अल्लाह की मुहब्बत है ख़्वाह वह किसी भी मज़हब से न हो! ज़ुबान से ज़िक्रो सलात उसकी इताअ़त और फ़र्मांबर्दारी का सबूत है जबकि क़ल्बी ज़िक्र, अल्लाह की मुहब्बत और राबते का वसीला है।''

बामर्तबा तस्दीक़ नक़्क़ालिया ज़िन्दीक़, झूटी नबूवत का दावेदार काफ़िर है। जबकि झूटी विलायत का दावेदार कुफ़्र के क़रीब है। वली दोस्त को कहते हैं और दोस्त का एक दूसरे को देखना और हमकलाम होना ज़रूरी है। हुज़ूर ने भी एक मर्तबा अस्हाबा को कहा था कि कुछ काम सिर्फ़ मेरे करने के हैं, तुम्हारे लिए नहीं हैं। हर नमाज़ी की यही दुआ़ होती है कि : ''ऐ अल्लाह मुझे उन लोगों का सीधा रास्ता दिखा जिनपर तेरा इनाम हुआ।'' जबतक उसकी रूह बैतुल मअ़मूर में जाकर नमाज़ न पढ़े जिसे हक़ीक़ी नमाज़ कहते हैं क्योंकि वह नमाज़ मरने के बाद भी जारी रहती है। जैसा कि शबे मेअ़राज में बैतुल मुक़द्दस में भी सब नबियों की अरवाह ने नमाज़ पढ़ी थी, और जब तक रब का दीदार न हो जाये उस वक़्त तक शरीअ़त की इत्तेबाअ़ ज़रूरी है। अल्बत्ता सुस्त और गुनाहगार लोगों के लिए भी अल्लाह ने कुछ नेअ़मुल बदल बनाया हुआ है। अल्लाह के नाम का क़ल्बी ज़िक्र भी ज़ाहिरी इबादत और गुनाहों का कफ़्फ़ारा करता रहता है और कभी न कभी उसे अल्लाह का मुहिब्ब और रोशन ज़मीर बना देता है।

''जब तुम्हारी नमाज़ें क़ज़ा हो जायें तो अल्लाह का ज़िक्र कर लेना
उठते, बैठते हत्ता कि कर्वटों के बल भी'' (अल्क़ुरान)

वलियों का क़ुर्ब, निस्बत, नज़र और दुआ़ भी गुनाहगारों का नसीबा चमका और दोज़ख़ से बचा लेती है। जैसा कि हुज़ूर सल. ने उम्मत के गुनाहगारों की बख़शिश के लिए हज़रत अवैस क़रनी से भी दुआ़ के लिए अस्हाबा को भेजा था। सख़ावत, रियाज़त और शहादत से भी गुनाहों का कफ़्फ़ारा और बख़शिश भी हो सकती है। आजिज़ी, तौबा ताइब और गिर्याज़ारी भी रब को पसन्द है। जिसकी वजह से नसूह जैसा कफ़नचोर और मुर्दा औरतों की बेहुर्मती करने वाला बख़शा गया। (अल्क़ुराऩ)

एक दिन ईसा ने शैतान से पूछा कि तेरा बेहतरीन दोस्त कौन है? उसने कहा : कन्जूस आ़बिद। कि वह कैसे? उसकी कन्जूसी उसकी इबादत को राइगाँ कर देती है। फिर पूछा तेरा बड़ा दुशमन कौन है? उसने कहा : गुनाहगार सख़ी। कि वह कैसे? उसकी सख़ावत उसके गुनाहों को जला देती है। ख़ुदा के बन्दों और ख़ुदा की मख़लूक़ से प्यार करने और ख़याल रखने वाले, हक़ का साथ और इंसाफ़ वाले लोग भी रब की नज़रे करम के क़ाबिल हो जाते हैं।

अ़ल्लामा इक़बाल तीसरी चौथी के तालिब इल्म स्कूल से वापिस आये तो एक कुतिया उनके पीछे चल पड़ी, आप सीढ़ियों पर चढ़ गये और वह बेहिसी से देखती रही। आपने सोचा शायद भूकी है। उनके वालिद ने उनके लिए एक पराठा रखा हुआ था। उन्होंने आधा कुतिया को डाल दिया, वह फ़ौरन खा गई फिर बेहिसी से देखने लगी। आपने बाक़ी आधा भी उसे डाल दिया, और ख़ुद सारा दिन भूके रहे। रात को उनके वालिद को बशारत हुई कि तुम्हारे बेटे का

अ़मल मुझे पसंद आया है और वह मन्ज़ूरे नज़र हो गया है।

जब सुबुक्तगीन हिरनी का बच्चा जंगल से उठा कर चल पड़ा तो देखा कि घोड़े के पीछे पीछे हिरनी भी दौड़ रही है। सुबुक्तगीन रूक गया, देखा हिरनी भी खड़ी हो गई और अपने मुंह को उसने आसमान की तरफ उठा लिया। सुबुक्तगीन ने देखा कि उस वक़्त उसके आंसू बह रहे थे और सुबुक्तगीन ने बच्चे को आज़ाद कर दिया। इस वाक़िअ़ह के बाद सुबुक्तगीन पर इतना अल्लाह का करम हुआ कि रब के नाम पर अकसर रोया करता था।

*मैलाना रोम कहते हैं कि :*

यक ज़माना सोहबते बा औलिया..... बेहतर अस्त सद सालह ताअ़त बे रिया।

(वली की एक लमहा की सोहबत सौ सालह बेरिया इबादत से बेहतर है।)

हदीस क़ुदसी : ''मैं उसकी ज़ुबान बन जाता हूं जिस्से वह बोलता है, उसके हाथ बन जाता हूं जिससे पकड़ता है।''

*अबूज़र ग़फ़्फ़ारी* : यौमे महशर में लोग वली को पहचान कर कहेंगे, ''ऐ अल्लाह! मैंने उसको वज़ू कराया था'' जवाब आयेगा, उसको बख़्श दो! दूसरा कहेगा : या अल्लाह मैंने इसे कपड़े पहनाये या खाना खिलाया था। जवाब आयेगा, इसे भी बख़्श दो। इस तरह बेशुमार लोग इनके ज़रिए बख़्शे जायेंगे।

हदीस क़ुदसी : जिस किसी ने मेरे वली के साथ दुशमनी करी, मैं उसके ख़िलाफ़ ऐलाने जंग करता हूं। अल्लाह की जंग एक दिन का सिर काटना नहीं होता बल्कि उनका ईमान काट दिया जाता है। जो अगली सारी ज़िन्दगी में दोज़ख़ में रोज़आना अज़ीयत से सिर कटता रहेगा। जैसा कि बिलिअ़म बाऊ़र जो बहुत बड़ा आ़लिम और आ़बिद था लेकिन मूसा की दुशमनी की वजह से दोज़ख़ में डाल दिया गया। लोग कहते हैं : ''रब इबादत से मिलता है।'' हम कहते हैं : ''रब दिल से मिलता है।'' इबादत दिल को साफ़ करने का ज़रिअ़ह है, अगर इबादत से दिल साफ़ नहीं हुआ तो रब से बहुत दूर है।

हदीस : 'न अ़मलों को देखता हूं, न शकलों को बल्कि नीयतों और कुलूब को देखता हूं।' अल्बत्ता इबादत से जन्नत मिल सकती है लेकिन जन्नत भी रब से बहुत दूर है।

''यह इल्म बातिन सिर्फ़ उन लोगों के लिए है जो हूरोबहिश्त की
परवाह किए बग़ैर रब से मुहब्बत, क़ुर्ब और विसाल चाहते हैं।''

फिर बक़ौल सूरह कहफ़ : अल्लाह उन्हें किसी वली मुर्शिद से मिला देता है।

